BAMT(N)-350

भारतीय शास्त्रीय संगीत का प्रगत अध्ययन– तबला एवं प्रयोगात्मक

कोर एलेक्टिव–षष्ठम सेमेस्टर

संगीत–तबला में स्नातक (बी0ए0)

षष्ठम सेमेस्टर

संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग

मानविकी विद्याशाखा

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

BAMT(N)-350

भारतीय शास्त्रीय संगीत का प्रगत अध्ययन– तबला एवं प्रयोगात्मक

संगीत–तबला में स्नातक(बी0ए0)
षष्ठम सेमेस्टर
संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग
मानविकी विद्याशाखा

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,
तीनपानी बाईपास रोड, ट्रान्सपोर्ट नगर के पीछे,
हल्द्वानी – 263139
फोन नं0 : 05946–286000/01/02
फैक्स नं0 : 05946–264232
टोल फ्री नं0 : 18001804025
ई–मेल : **info@uou.ac.in**
वेबसाईट : **www.uou.ac.in**

अध्ययन मंडल समिति

अध्यक्ष
कुलपति,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

संयोजक
निदेशक–मानविकी विद्याशाखा
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

प्रो0 पंकजमाला शर्मा(स.)
पूर्व विभागाध्यक्ष–संगीत विभाग
पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़

डॉ0 विजय कृष्ण(स.)
पूर्व विभागाध्यक्ष–संगीत विभाग
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

डॉ0 मल्लिका बैनर्जी(स.)
संगीत विभाग,
इग्नू, दिल्ली

प्रदीप कुमार(स.)
संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

डॉ0 द्विजेश उपाध्याय(आ.स.)
संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

डॉ0 जगमोहन परगांई(आ.स.)
संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

डॉ0 अशोक चन्द्र टम्टा(आ.स.)
संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

डॉ0 प्रकाश चन्द्र आर्या(आ.स.)
संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

पाठ्यक्रम संयोजन

प्रदीप कुमार
संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

डॉ0 द्विजेश उपाध्याय
संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

डॉ0 जगमोहन परगांई
संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

डॉ0 अशोक चन्द्र टम्टा
संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

डॉ0 प्रकाश चन्द्र आर्या
संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

प्रूफ रिडिंग एवं फार्मेटिंग

डॉ0 द्विजेश उपाध्याय
संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

डॉ0 प्रकाश चन्द्र आर्या
संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

इकाई लेखन

1.	**डॉ0 विजय कृष्ण**	इकाई 1, 2, एवं 4
2.	**डॉ0 महेश पाण्डे व डॉ0 विजय कृष्ण**	इकाई 3
3.	**डॉ0 प्रकाश चन्द्र आर्या**	इकाई 5
4.	**डॉ0 अशोक चन्द्र टम्टा**	इकाई 6

कापीराइट : @उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
संस्करण : सीमित वितरण हेतु पूर्व प्रकाशन प्रति
प्रकाशन वर्ष : जनवरी 2026
प्रकाशक : उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, नैनीताल
ई–मेल : **books@uou.ac.in**

नोट – इस पुस्तक की समस्त इकाईयों के लेखन तथा कॉपीराईट संबंधी किसी भी मामले के लिए संबंधित इकाई लेखक जिम्मेदार होगा। किसी भी विवाद का निस्तारण सत्र न्यायालय–हल्द्वानी अथवा उच्च न्यायालय–नैनीताल में किया जाएगा। इस सामग्री के किसी भी अंश को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी की लिखित अनुमति के बिना किसी भी रूप में अथवा मिमियोग्राफी चक्रमुद्रण द्वारा या अन्यत्र पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है।

BAMT(N)-350

भारतीय शास्त्रीय संगीत का प्रगत अध्ययन– तबला एवं प्रयोगात्मक

संगीत–तबला में स्नातक(बी0ए0) षष्ठम सेमेस्टर

इकाई	इकाई का नाम	पृष्ठ
इकाई–1	तीनताल का विस्तृत अध्ययन(उठान, विभिन्न घरानों एवं जातियों के कायदे, पलटे, गतों के प्रकार, विभिन्न प्रकार के टुकड़े, परन एवं चक्करदार के प्रकार)	1-13
इकाई–2	एकताल का विस्तृत अध्ययन(उठान, विभिन्न घरानों एवं जातियों के कायदे, पलटे, गतों के प्रकार, विभिन्न प्रकार के टुकड़े, परन एवं चक्करदार के प्रकार)	14-23
इकाई–3	विभिन्न गायन शैलियों में तालों का प्रयोग।	24-36
इकाई–4	तीनताल एवं एकताल के ठेके को आड़, कुआड़, बिआड़ लयकारी में लिपिबद्ध करना।	37-44
इकाई–5	अपनी विधा से सम्बंधित संगीत वाद्य का पूर्ण ज्ञान (संरचना, रख–रखाव, वाद्य मिलाने की विधि, प्रस्तुतिकरण में प्रयोग) ।	45-57
इकाई–6	संगीत का मानव जीवन में महत्व (सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रभावना आदि पहलुओं पर आधारित) ।	58-67

इकाई 1 – तीनताल का विस्तृत अध्ययन(उठान, विभिन्न घरानों एवं जातियों के कायदे, पलटे, गतों के प्रकार, विभिन्न प्रकार के टुकड़े, परन एवं चक्करदार के प्रकार)

1.1 प्रस्तावना

1.2 उद्देश्य

1.3 तीनताल में तबले/पखावज की रचनाएं

1.3.1 उठान

1.3.2 कायदे

1.3.3 गतें

1.3.4 टुकड़े

1.3.5 परन

1.3.6 चक्करदार

1.4 सारांश

1.5 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1.6 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1.7 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

1.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0 संगीत के पाठ्यक्रम बी0ए0एम0टी0(एन0)–350 की प्रथम इकाई है। इससे पूर्व के सेमेस्टर में आपने तबला विषय से संबंधित विभिन्न पहलुओं का अध्ययन किया होगा।

इस इकाई में आप तीनताल में तबला व पखावज वादन में प्रयोग होने वाली रचनाओं को लिपिबद्ध करने के विषय में अध्ययन करेंगे जिसके लिए इस इकाई में भातखण्डे ताललिपि पद्धति का प्रयोग किया गया है।

इस इकाई के अध्ययन के बाद आप तबले व पखावज की किसी भी रचना को लिपिबद्ध कर भविष्य के सन्दर्भ हेतु सुरक्षित रख पाऐंगे एवं इनको क्रियात्मक रूप में प्रस्तुत करने में सक्षम होंगे।

1.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप :–

1. तबले व पखावज की रचनाओं को लिपिबद्ध कर पाऐंगे।
2. तबले व पखावज की उपलब्ध रचनाओं को पढ़ कर इनको क्रियात्मक रूप में प्रस्तुत कर पाऐंगे।
3. यह ही जान पायेंगे कि एक ही रचना को उसकी मात्राओं के अनुसार किस–किस ताल में बजाया या पढा जा सकता है।

1.3 तीनताल में तबले/पखावज की रचनाएं

तीनताल में उठान, कायदे, गत, टुकड़े, परन, एवं चक्करदार लिपिबद्ध कर प्रस्तुत की जा रही है।

ठेका

धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा	धा
×				2				0				3				×

1.3.1 उठान – उठान तबला वाद्य की रचना है। एकल वादन का प्रारम्भ उठान या मुखड़े से किया जाता है। 'उठान' शब्द किसी चीज के उठने की क्रिया को दर्शाता है। तबले में इसका प्रयोग लखनऊ, पंजाब और बनारस घरानों के तबला वादक अपने वादन को प्रारम्भ करने के लिए करते हैं। यह टुक्ड़े से जोरदार एवं बड़ी रचना होती है। इसमें कोई निश्चित बोल नहीं होते हैं और यह किसी भी मात्रा से उठायी जा सकती है, परन्तु सम पर आना आवश्यक है।

उठान 1

धित्त धित्त	ता ऽ	कता कता	कतऽ	धागेतेटे	तागेतेटे	क्रधिऽन्न	क्रधातेटे
×				2			
क्रधातेटे	धागेतेटे	धा ऽ	क्रधातेटे	धागेतेटे	धा ऽ	क्रधातेटे	धागेतेटे
0				3			

धा
×

उठान 2

काताऽन	घेघेतिना	किऽनकतातिट	किटतकतिरकिट	
×				
तकतिरकिरटतक	तिरकिटधाती	धाऽधाती	धाऽधाती	
2				
धा	तिरकिटधाती	धाऽधाती	धाऽधाती	
0				
धा	तिरकिटधाती	धाऽधाती	धाऽधाती	**धा**
3				×

×

1.3.2 कायदे – ताल की संरचना के अनुरूप बोलों की रचना को कायदा कहते हैं। कायदा एक विशिष्ट वादन शैली है जिसको देहली घराने में विकसित किया गया एवं उसके पश्चात सभी घरानों में अपनी वादन शैली के अनुरूप कायदे निर्मित किए। सभी घरानों में मुख्य रूप से कायदा बजाने पर अधिक महत्व किया जाता है। अजराडा घराने के कायदे मुख्य रूप से तिस्त्र जाति के लिए प्रसिद्ध हैं। कायदे का प्रस्तार कायदे के मूल बोलों का उलट–पलट कर किया जाता है, जिसे कायदा का पल्टा कहा जाता है एवं अन्त में तिहाई बजाकर कायदा वादन का समापन किया जाता है।

कायदा 1 – चतुरश्र जाति–मुख्य बोल

धागे	तिर	किट	धागे	नागे	तिंग	तिना	किन
×				2			
ताके	तिर	किट	धागे	नागे	दिंग	दिना	गिन
0				3			

कायदे की दुगुन

धागेतिर	किटधागे	नागेतिंग	तिनाकिन	ताकेतिट	किटधागे	नागेदिंग	दिनागिन
×				2			
धागेतिर	किटधागे	नागेतिंग	तिनाकिन	ताकेतिट	किटधागे	नागेदिंग	दिनागिन
0				3			

पल्टा 1

धागेतिर	किटधागे	तिरकिट	धागेनागे	धागेतिर	किटधागे	नागेतिंग	तिनाकिन
×				2			
ताकेतिर	किटताके	तिरकिट	ताकेनागे	धागेतिर	किटधागे	नागेदिंग	दिनागिन
0				3			

पल्टा 2

धागेनागे	दिंगदिना	गिनधागे	तिरकिट	धागेतिर	किटधागे	नागेतिंग	तिनाकिन
×				2			
ताकेनाके	तिंगतिना	किनताके	तिरकिट	धागेतिर	किटधागे	नागेदिंग	दिनागिन
0				3			

पल्टा 3

दिंगदिना ×	गिनधागे	तिरकिट	धागेनागे	दिगदिना 2	गिनधागे	नागेतिंग	तिनाकिंन
तिंगतिना 0	किनताके	तिरकिट	धागेनागे	दिंगदिना 3	गिनधागे	नागेदिंग	दिनागिन

तिहाई

दिगदिना ×	गिनधागे	नागेतिंग	तिनाकिन	धा 2	S	दिंगदिना	गिनधागे
नागेतिंग 0	तिनाकिन	धा	S	दिंगदिना 3	गिनधागे	नागेतिंग	तिनाकिन धा ×

कायदा 2 – तिस्त्र जाति–मुख्य बोल

धागेन ×	धातिरकिट	धितिट	धागेन	धातिरकिट 2	धितिट	गिनति	नाकिन
ताकेन 0	तातिरकिट	तितिट	ताकेन	धातिरकिट 3	धितिट	गिनधि	नागिन

दुगुन

धागेनधातिरकिट ×	धितिटधागेन	धतिरकिटधितिट	गिनतिनाकिन
ताकेनतातिरकिट 2	तितिटताकेन	धतिरकिटधितिट	गिनधिनागिन
धागेनधातिरकिट 0	धितिटधागेन	धतिरकिटधितिट	गिनतिनाकिन
ताकेनतातिरकिट 3	तितिटताकेन	धतिरकिटधितिट	गिनधिनागिन

पल्टा–1

धागेनधातिरकिट ×	धितिटधागेन	धतिरकिटधितिट	धातिरकिटधितिट
धागेनधातिरकिट 2	धितिटधागेन	धातिरकिटधितिट	गिनातिनाकिन
ताकेनतातिरकिट 0	तितिटताकेन	तातिरकिटतितिट	तातिरकिटतितिट
धागेनधातिरकिट 3	धितिटधागेन	धातिरकिटधितिट	गिनाधिनागिन

पल्टा –2

धातिरकिटधितिट ×	धगेनधातिरकिट	धितिटधगेन	धतिरकिटधितिट
धागेनधातिरकिट 2	धितिटधागेन	धातिरकिटधितिट	गिनातिनाकिन

तातिरकिटतितिट	तकेनतातिरकिट	तितिटतकेन	तातिरकिटतितिट
0			
धागेनधातिरकिट	धितिटधागेन	धातिरकिटधितिट	गिनाधिनागिन
3			

पल्टा –3

धातिरकिटधितिट	गिनतिनाकिन	धगेनधातिरकिट	धितिटधगेन
×			
धागेनधातिरकिट	धितिटधागेन	धातिरकिटधितिट	गिनातिनाकिन
2			
तातिरकिटतितिट	किनतिनाकिन	तकेनतातिरकिट	तितिटतकेन
0			
धागेनधातिरकिट	धितिटधागेन	धातिरकिटधितिट	गिनाधिनागिन
3			

तिहाई

धातिरकिटधितिट	गिनातिनाकिन	धा	धा	
×				
धा	ऽ	धातिरकिटधितिट	गिनतिनाकिन	
2				
धा	धा	धा	ऽ	
0				
धातिरकिटधितिट	गिनातिनाकिन	धा	धा	धा
3				×

कायदा – 3 (दिल्ली बाज)

धाति	टधा	तिट	धाधा	तिट	धागे	तिना	किना	
×				2				
ताति	टता	तिट	धाधा	तिट	धागे	धिना	गिना	धा
0				3				×

पल्टा–1

धाति	टधा	तिट	धाधा	धाति	टधा	तिट	धाधा	
×				2				
धाति	टधा	तिट	धाधा	तिट	धागे	तिना	किना	
0				3				
ताति	टता	तिट	ताता	ताति	टता	तिट	ताता	
×				2				
धाति	टधा	तिट	धाधा	तिट	धागे	धिना	गिना	धा
0				3				×

पल्टा–2

धाति	टधा	तिट	धाधा	तिट	तिट	धाधा	तिट
×				2			
तिट	धाधा	तिट	तिट	तिट	धागे	तिना	किना
0				3			
ताति	टता	तिट	ताता	तिट	तिट	ताता	तिट
×				2			
तिट	धाधा	तिट	तिट	तिट	धागे	धिना	गिना	धा
0				3				×

पल्टा–3

तिट	तिट	धाधा	तिट	तिट	तिट	धाधा	तिट
×				2			
तिट	धाति	टधा	तिट	तिट	धागे	तिना	किना
0				3			
तिट	तिट	ताता	तिट	तिट	तिट	ताता	तिट
×				2			
तिट	धाति	टधा	तिट	तिट	धागे	धिना	गिना	धा
0				3				×

तिहाई

धाति	टधा	तिट	धाधा	तिट	धागे	तिना	किना
×				2			
धा	ऽ	ऽ	ऽ	धाति	टधा	तिट	धाधा
0				3			
तिट	धागे	तिना	किना	धा	ऽ	ऽ	ऽ
×				2			
धाति	टधा	तिट	धाधा	तिट	धागे	तिना	किना	धा
0				3				×

1.3.3 गतें – यह तबले की रचना है, जो तिहाई युक्त व तिहाई रहित दोनों प्रकार की हो सकती है।

गत–1

धाऽन	नाऽन	नकिट	नकिट	धातिरकिट	धितिट	धेऽत	राऽन
×				2			
कऽति	टकत	धेऽत	राऽन	धातिरकिट	धितिट	कताग	दीगन
0				3			
नगन	गनग	तकिट	तकिट	धातिरकिट	धितिट	धेऽत	राऽन
×				2			
कऽति	टकत	धेऽत	राऽन	धातिरकिट	धितिट	कताग	दीकिन	धा
0				3				×

गत–2

धातिधाऽ	धातिधागे	धीनागेना	धातिधाऽ	
×				
कधेऽधा	गेनाधीना	धातिधागे	तीनाकेना	
2				
तिंऽकिटतक	तिंऽकिटतक	धातिरकिटतक	तातिरकिटतक	
0				
तिरकिटतकता	तिरकिटधाति	धागेनाधा	तिधागेना	धा
3				×

गत–3 – ऐसी गत जिसके विभिन्न लयकारी के दर्जे बनाकर बजाए जाए दर्जेवाली गत कहलाती है।

उदाहरण :–

तिगुन–

धाऽन	धितिट	तकिट	धितिट	धातिरकिट	धितिट	कताग	दीगिन
नगन	गनग	तकिट	धितिट	धातिरकिट	धितिट	कताग	दीकिन

चौगुन–

धाऽनधि	किटतकि	टधितिट	धातिरकिटधि	तिटकता	गदीकिन	तिटकता	गदीकिन
नगनग	नगतकि	टधितिट	धगतिटकिधि	तिटकता	गदीगिन	तिटकता	गदीगिन

छःगुन–

धाऽनधितिट	तकिटधितिट	धातिरकिटधितिट	कतागदीगिन
नगनगनग	तकिटधितिट	धातिरकिटधितिट	कतागदीकिन

तिपल्ली एवं चौपल्ली गतों को भी दर्जेवाली गत की श्रेणी में रखा जाता है।

गत –4 – गत की ऐसी रचना जिसमें लय परिवर्तन हो मंजेदार गत कहते हैं।

धाति	टधा	तिट	धाधा	तिट	कऽधा	तिट	धुमकिट	
×				2				
तकधुम	किटतक	गदीगिन	धागेतिट	गदिगिन	नागेतिट	धुम	किट	
0				3				
धाऽ	तिट	धाऽ	तिट	कऽधा	तिट	कऽधा	तिट	
×				2				
घेऽ	तघे	ऽत	घेऽ	घेऽ	ताऽ	तिटकता	गदीगिन	धा
0				3				×

गत–5 – गत की ऐसी रचना जो तिस्त्र जाति में अर्थात आड अथवा तिगुन की लयकारी में हो तिस्त्र जाति की गत कहलाएगीं।

धाऽन	नाऽन	नकिट	नकिट	धातिरकिट	धितिट	धेऽत	राऽन	
×				**2**				
कऽति	टकत	धेऽत	राऽन	धातिरकिट	धितिट	कताग	दीगन	
0				**3**				
नगन	गनग	तकिट	तकिट	धातिरकिट	धितिट	धेऽत	राऽन	
×				**2**				
कऽति	टकत	धेऽत	राऽन	धातिरकिट	धितिट	कताग	दीकिन	**धा**
0				**3**				×

गत–6 – गत की ऐसी रचना जो मिश्र जाति के बोलों से रची हो उसे मिश्र जाति की गत कहते हैं। इस प्रकार की गत को झूलना लय की गत भी कही जाती हैं। इसमें एक मात्रा में सात वर्ण आते है। उदाहरण :–

धागेनधिनधिन	**धागेनदिनतक**	**त्कधेतकधिन**	**धागेनदींऽनाना**	
तिरकिटतकतातिरकिटतक	**तिरकिटतकधिरधिरकऽत**	**तिरकिटतकधिरधिरकऽत**	**तिरकिटतकधिरधिरकऽत**	**धा**
				×

गत–7 – गत की ऐसी रचना जिसमें एक बोल चार–चार प्रयोग करते हैं चारबाग गत कहते हैं।

गिनधाऽ	गिनधाऽ	गिनधाऽ	गिनधाऽ	धाऽागिन	धाऽागिन	धाऽागिन	धाऽागिन
×				2			
धाऽगिन	धाऽगिन	धाऽगिन	धाऽगिन	दिनतक	दिनतक	दिनतक	दिनतक
0				3			
तकदिन	तकदिन	तकदिन	तकदिन	तकतक	तकतक	नड़नऽ	नऽनऽ
×				2			
तिरकिटतक	तिरकिटतक	तिरकिटतक	तिरकिटतक	धाऽगिन	धाऽगिन	धाऽगिन	धाऽगिन
0				3			

किनताऽ ×	किनताऽ	किनताऽ	किनताऽ	ताडाकिन 2	ताडाकिन	ताडाकिन	ताडाकिन
ताऽकिन 0	ताऽकिन	ताऽकिन	ताऽकिन	तिनतक 3	तिनतक	तिनतक	तिनतक
तकतिन ×	तकतिन	तकतिन	तकतिन	तकतक 2	तकतक	नऽनऽ	नऽनऽ
तिरकिटतक 0	तिरकिटतक	तिरकिटतक	तिरकिटतक	धाऽगिन 3	धाऽगिन	धाऽगिन	धाऽगिन

तबला ग्रन्थ पृष्ठ–132

चारबाग गत का एक दूसरा रूप भी प्रचलित है।

1.3.4 टुक्ड़े – टुक्ड़ा का शाब्दिक अर्थ किसी भी चीज का एक भाग है। तबले में 'टुक्ड़ा' एक अत्यन्त व्यापक शब्द है। इस दृष्टि से हम तबले की प्रत्येक रचना को टुक्ड़ा कह सकते हैं। परन्तु विशेष अर्थों में तबले के खुले और जोरदार वर्णों से निर्मित वह रचना जो आकार में ना तो परन के समान बड़ा और जोरदार हो न ही मोहरे से छोटी, टुक्डा कहलाती है। इसके अन्त में तिहाई जुड़ी होती है। टुक्ड़ा प्रायः एक, दो या तीन आवर्तनों तक का होता है। इसका वादन एक बार ही किया जाता है और इसके लिए सबसे उपयुक्त द्रुतलय मानी जाती है।

टुक्ड़े का विशेष रुप से प्रयोग एकल तबला वादन एवं नृत्य की संगति में किया जाता है। तन्त्र वाद्यों की संगति में भी छोटे टुक्ड़ो का प्रयोग होता है। लखनऊ व बनारस घराने के टुक्ड़े दिल्ली, अजराडा और फर्रूक्खाबाद घराने की अपेक्षा बड़े और जोरदार होते हैं।

टुक्ड़ा–1

धागेतिट ×	ताकेतिट	किधाऽकि	धाऽकिटतक	
दींऽदींऽ 2	नानानाना	कतेटेधा	ऽकऽत	
धाऽकत 0	धाऽकते	टेधाऽक	ऽतधाऽ	
कतधाऽ 3	कतेटेधा	ऽकऽत	धाऽकत	धा ×

टुक्ड़ा–2(मिश्र जाति)

धागेनधागेतिट ×	ताकेनताकेतिट	कधेऽतिऽटऽ	कऽतगदिगन	
तगेऽनधित्ता 2	धाऽकधाऽधाऽ	धाऽकधाऽधाऽ	धाऽकधाऽधाऽ	
धाऽऽऽऽऽ 0	ऽऽकधाऽधाऽ	धाऽकधाऽधाऽ	धाऽकधाऽधाऽ	
धाऽऽऽऽऽ 3	ऽऽकधाऽधाऽ	धाऽकधाऽधाऽ	धाऽकधाऽधाऽ	धा ×

1.3.5 परन – जोरदार बोलों की ऐसी रचना जो कम–से कम दो आवृति की हो, तिहाई युक्त हो एवं जिसमें बोल दोहराते हुए प्रयोग किए जाए, परन कहलाती है। परन मुख्यतः पखावज पर बजाई जाने वाली रचना है। तबले पर भी यह जोरदार ढंग से प्रस्तुत की जाती है। परन चक्करदार होने पर चक्कदार परन कहलाती है।

परन–1

धिटधिट	धागेतिट	कडधातिट	धागेतिट	कडधातिट	कडधातिट	कडधातिट	धागेतिट
×				2			
गदीगन	नागेतिट	धागेतिट	ताकेतिट	कतिटत	किनताके	तिटकता	गदीगिन
0				3			
धागेतिट	ताकेतिट	धागेतिट	ताकेतिट	धित्ततगे	ऽनधित्त	तगेऽन	धित्ततारऽ
×				2			
तिरकिटधित्त	तगेऽन	धा	तिरकिटधित्त	तगेऽन	धा	तिरकिटधित्त	तगेऽन
0				3			

धा
T
×

परन–2

धागेतिट	ताकेतिट	धागेतिट	ताकेतिट	कधातिट	धागेतिट	कधातिट	धागेतिट
×				2			
कधातिट	कधातिट	कधातिट	धागेतिट	कधेऽधा	तिटधारऽ	धातिटधी	तिटकत
0				3			
धातिटधी	तिटकत	धाऽऽऽ	कधेऽधा	तिटधारऽ	धातिटधी	तिटकत	धातिटधी
×				2			
तिटकत	धाऽऽऽ	कधेऽधा	तिटधारऽ	धातिटधी	तिटकत	धातिटधी	तिटकत
0				3			

1.3.6 चक्करदार – जब कोई तिहाईयुक्त रचना तीन बार बजाकर सम पर आए तो ऐसी रचना चक्करदार कहलाती है। जैसे किसी टुक्डे को तीन बार बजा कर सम पर आए तो उसे चक्करदार टुक्डा कहेंगे। इसी प्रकार चक्करदार परन, चक्करदार तिहाई(नौहक्का) आदि। इसके तीन प्रकार माने गए हैं – साधारण चक्करदार, फरमाइशी चक्करदार व कमाली चक्करदार।

चक्करदार 1 – फरमाइशी

घेतिर	किटतक	ता	ऽ	घेतिर	किटतक	ताऽ	कता
×				2			
गऽ	दींऽ	कत	धाऽ	घेतिर	किटतक	ताऽ	कता
0				3			
धा	घेतिर	किटतक	ताऽ	कता	धा	घेतिर	किटतक
×				2			
ताऽ	कता	धा	घेतिर	किटतक	ता	ऽ	घेतिर
0				3			
किटतक	ताऽ	कता	गऽ	दींऽ	कत	धाऽ	घेतिर
×				2			

किटतक	ताऽ	कता	धा	घेतिर	किटतक	ताऽ	कता
0				3			
धा	घेतिर	किटतक	ताऽ	कता	धा	घेतिर	किटतक
×				2			
ता	ऽ	घेतिर	किटतक	ताऽ	कता	गऽ	दींऽ
0				3			
कत	धाऽ	घेतिर	किटतक	ताऽ	कता	धा	घेतिर
×				2			
किटतक	ताऽ	कता	धा	घेतिर	किटतक	ताऽ	कता
0				3			
धा							
×							

चक्करदार 2 – सादा

दींदीं	तिटतिट	धागेतिट	ताकेतिट	कऽधातिट	कऽताऽ	धातिरकिटतक	तातिरकिटतक
×				2			
ताकडाऽन	ताकडाऽन	धा	धातिरकिटतक	तातिरकिटतक	ताकडाऽन	ताकडाऽन	धा
0				3			
धातिरकिटतक	तातिरकिटतक	ताकडाऽन	ताकडाऽन	धा	ऽ	दींदीं	तिटतिट
×				2			
धागेतिट	ताकेतिट	कऽधातिट	कऽताऽ	धातिरकिटतक	तातिरकिटतक	ताकडाऽन	ताकडाऽन
0				3			
धा	धातिरकिटतक	तातिरकिटतक	ताकडाऽन	ताकडाऽन	धा	धातिरकिटतक	तातिरकिटतक
×				2			
ताकडाऽन	ताकडाऽन	धा	ऽ	दींदीं	तिटतिट	धागेतिट	ताकेतिट
0				3			
कऽधातिट	कऽताऽ	धातिरकिटतक	तातिरकिटतक	ताकडाऽन	ताकडाऽन	धा	धातिरकिटतक
×				2			
तातिरकिटतक	ताकडाऽन	ताकडाऽन	धा	धातिरकिटतक	तातिरकिटतक	ताकडाऽन	ताकडाऽन
0				3			

चक्करदार 3 – कमाली

घेऽतध	गीनघेन	धाऽघेड़ा	ऽनधाऽ	दींता	किटितकदीं	ताकत	घेघेनदी
×				2			
गनधेन	तरकिटतकधी	किटितक	त्तेध्ड़ा	ऽनधाऽ	ऽधा	ऽधा	तेटेकतगदिगन
0				3			
धा	धा	धा	तेटेकतगदिगन	धा	धा	धा	तेटेकतगदिगन
×				2			
धा	धा	धा	धेऽतध	गीनधेन	धाऽधेड़ा	ऽनधाऽ	दंता
0				3			
किटितकदीं	ताकत	घेघेनदी	गनधेन	तिरकिटतकधी	किटितक	त्तेध्ड़ा	ऽनधाऽ
×				2			
ऽधा	ऽधा	तेटेकतगदिगन	धा	धा	धा	तेटेकतगदिगन	धा
0				3			
धा	धा	तेटेकतगदिगन	धा	धा	धा	घेऽतध	गीनघेन
×				2			

धाऽघेड़ा 0	ऽनधाऽ	दींता	किटितकदीं	ताकत 3	घेघेनदी	गनधेन	तरकिटतकधी	
किटितक ×	त्तेध्ड़ा	ऽनधाऽ	ऽधा	ऽधा 2	तेटेकतगदिगन	धा	धा	
धा 0	तेटेकतगदिगन	धा	धा	धा 3	तेटेकतगदिगन	धा	धा	धा ×

तबला पुराण, पृष्ठ 74

अभ्यास प्रश्न

क) लघु उत्तरीय प्रश्न :

1. तीनताल में दी गई उठान में तिहाई कितने मात्रा की है?
2. तीनताल में दिया गया सादा चक्करदार का एक चक्कर कितनी मात्रा का है और यह किस ताल में बिना बदले बजाया जा सकता है?
3. तीनताल का फरमाइशी चक्करदार तीनताल की कितनी आवृति का है एवं अन्य किस ताल में यह बिना बदले बजाया जा सकता है?
4. किसी भी ताल में फरमाइशी चक्करदार कितनी आवृति की होती है?

1.4 सारांश

इस इकाई के अध्ययन के उपरान्त आप पाठ्यक्रम की तालों में तबले की रचनाओं को लिपिबद्ध करना सीख गए होंगे एवं इन रचनाओं का आप क्रियात्मक रूप में प्रस्तुत करने में सक्षम होंगे। आप जान चुके होंगे कि किसी रचना को लिपिबद्ध करते समय किन–किन बातों (जैसे ताली, खाली विभाग आदि) का ध्यान रखना आवश्यक है। किसी लिपिबद्ध रचना की पढन्त कैसे की जाती है तथा उसकी मात्राओं के अनुसार उसे किस–किस ताल में बजाया या पढ़ा जा सकता है, ये भी आप जान चुके होंगे। इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप स्वयं किसी ताल की रचना को अन्य ताल में प्रयुक्त करना भी जान गए होंगे, जो आपको सैद्धान्तिक एवं क्रियात्मक दोनों स्वरूपों में सहायक सिद्ध होगा।

1.5 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

क) लघु उत्तरीय प्रश्न :

1. ग्यारह मात्रा
2. एक चक्कर 20 मात्रा का है अतः झपताल की दो आवृति में सम से सम तक बजाया जा सकता है।
3. फरमाइशी चक्करदार पॉच आवृति की है एवं झपताल में यह चक्करदार बिना बदले बजाया जा सकता है।
4. फरमाइशी चक्करदार पॉच आवृति की होती है।

1.6 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. मिश्र, पं0 छोटे लाल, *तबला ग्रन्थ,* कनिष्क पब्लिशर्स, नई दिल्ली।
2. मिश्र, श्री विजय शंकर, *तबला पुराण,* कनिष्क पब्लिशर्स, नई दिल्ली।

1.7 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

1. श्रीवास्तव, श्री गिरीश चन्द्र, *ताल परिचय,* संगीत सदन प्रकाशन, इलाहाबाद।

2. श्रीवास्तव, श्री गिरीश चन्द्र, *ताल प्रभाकर प्रश्नोत्तरी,* संगीत सदन प्रकाशन, इलाहाबाद।

1.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1. तीनताल में 1 उठान, 1 कायदा 2 पल्टों व तिहाई सहित, 1 गत व 1 परन को लिपिबद्ध कीजिए।

इकाई 2 – एकताल का विस्तृत अध्ययन(उठान, विभिन्न घरानों एवं जातियों के कायदे, पल्टे, गतों के प्रकार, विभिन्न प्रकार के टुकड़े, परन एवं चक्करदार के प्रकार)

2.1 प्रस्तावना

2.2 उद्देश्य

2.3 एकताल में तबले/पखावज की रचनाएं

2.3.1 उठान

2.3.2 कायदे

2.3.3 गत

2.3.4 टुकड़े

2.3.5 परन

2.3.6 चक्करदार

2.4 सारांश

2.5 संदर्भ ग्रन्थ सूची

2.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

2.7 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

2.8 निबन्धात्मक प्रश्न

2.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0 संगीत के पाठ्यक्रम बी0ए0एम0टी0(एन0)–350 की प्रथम इकाई है। इससे पूर्व की इकाईयों में आप तीनताल में उठान, कायदे, गत, टुकड़े, परन, एवं चक्करदार रचनाओं तथा उन्हें लिपिबद्ध करना भी सीख चुके होंगे।

इस इकाई में आप एकताल में तबला व पखावज वादन में प्रयोग होने वाली रचनाओं को लिपिबद्ध करने के विषय में अध्ययन करेंगे जिसके लिए इस इकाई में भातखण्डे तालिपि पद्धति का प्रयोग किया गया है।

इस इकाई के अध्ययन के बाद आप तबले व पखावज की किसी भी रचना को लिपिबद्ध कर भविष्य के सन्दर्भ हेतु सुरक्षित रख पाऐंगे एवं इनको कियात्मक रूप में प्रस्तुत करने में सक्षम होंगे।

2.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप :–

1. तबले व पखावज की रचनाओं को लिपिबद्ध कर पाऐंगे।
2. तबले व पखावज की उपलब्ध रचनाओं को पढ़ कर इनको कियात्मक रूप में प्रस्तुत कर पाऐंगे।
3. यह ही जान पायेंगे कि एक ही रचना को उसकी मात्राओं के अनुसार किस–किस ताल में बजाया या पढा जा सकता है।

2.3 एकताल में तबले/पखावज की रचनाएं

प्रस्तुत इकाई में एकताल में उठान, कायदे, गत, टुकड़े, परन, एवं चक्करदार लिपिबद्ध कर प्रस्तुत की जा रही है।

ठेका

धिं	धिं	।	धागे	तिरकिट	।	तू	ना	।	क	ता	।	धागे	तिरकिट	।	धिं	ना	।	धिं
×			0			2			0			3			4			×	

2.3.1 उठान

धागेतिना	किऽनकतातिर	किटतकतिरकिट	तकतिरकिटतक	तिरकिटधाती	धाऽधाती	
×		0		2		
धा	तिरकिटधाती	धाऽधाती	धा	तिरकिटधाती	धाऽधाती	धिं
0		3		4		×

2.3.2 कायदे :–

कायदा–1 चतुरश्र जाति

मुख्य बोल

धागेनधा	तिटधिन	धागेधिना	धिनातिट	धिनधागे	तिनाकिन	
×		0		2		
ताकेनता	तिटकिन	ताकेतिना	किनतिट	धिनधागे	धिनागिन	
0		3		4		

दुगुन

धागेनधातिटधिन	धागेधिनाधिनतिट	धिनधागेतिनाकिन	ताकेनतातिटकिन	ताकेतिनाकिनतिट	धिनधागेधिनागिन
×		0		2	
धागेनधातिटधिन	धागेधिनाधिनतिट	धिनधागेतिनाकिन	ताकेनतातिटकिन	ताकेतिनाकिनतिट	धिनधागेधिनागिन
0		3		4	

पलटा 1

धागेनधातिटधिन	धागेधिनाधागेनधा	तिटधिनधागेधिना	धागेनधातिटधिन	धागेधिनाधिनतिट	धिनधागेतिनाकिन
×		0		2	
ताकेनतातिटकिन	ताकेतिनाताकेनता	तिटधिनधागेधिना	धागेनधातिटधिन	धागेधिनाधिनतिट	धिनधागेधिनागिन
0		3		4	

पलटा 2

तिटधिनधागेधिना	धिनतिटधागेधिना	धिनतिटधागेधिना	धागेनधातिटधिन	धागेधिनाधिनतिट	धिनधागेतिनाकिन
×		0		2	
तिटकिनताकेतिना	किनातिटताकेतिना	किनतिटधागेधिना	धागेनधातिटधिन	धागेधिनाधिनतिट	धिनधागेधिनागिन
0		3		4	

पलटा 3

तिटधिनतिटधिन	धागेनधातिटधिन	धागेधिनाधिनतिट	धागेनधातिटधिन	धागेधिनाधिनतिट	धिनधागेतिनाकिन
×		0		2	
तिटकिनतिटकिन	ताकेनतातिटकिन	धागेधिनाधिनतिट	धागेनधातिटधिन	धागेधिनाधिनतिट	धिनधागेधिनागिन
0		3		4	

तिहाई

धिनधागेधिनागिन	धागेधिनधिनतिट	धिनधागेधिनागिन	धा 1	2धिनधागे	धिनागिनधागेधिना	
×		0		2		
धिनतिटधिनधागे	धिनागिनधा	1 2	धिनधागेधिनागिन	धागेधिनाधिनतिट	धिनधागेधिनागिन	धिं
0		3		4		×

कायदा 2 अजराड़ा घराना

धातिरकिटधागेना	धाऽऽधागेना	ऽऽऽधागेना	धातिरकिटतकतिरकिट	धातिरकिटधागेना	तिनतीनाकेना
×		0		2	
तातिरकिटताकेना	ताऽऽताकेना	ऽऽऽताकेना	धातिरकिटतकतिरकिट	धातिरकिटधागेना	धिनधीनागेना
0		3		4	

पलटा 1

धातिरकिटधागेना	धातिरकिटधागेना	धातिरकिटधागेना	धातिरकिटतकतिरकिट	धातिरकिटधागेना	तिनतीनाकेना
×		0		2	
तातिरकिटताकेना	तातिरकिटताकेना	तातिरकिटताकेना	धातिरकिटतकतिरकिट	धातिरकिटधागेना	धिनधीनागेना
0		3		4	

पलटा 2

धातिरकिटतकतिरकिट	धातिरकिटतकतिरकिट	ऽऽऽधागेना	धातिरकिटतकतिरकिट	धातिरकिटधागेना	तिनतीनाकेना
×		0		2	
तातिरकिटतकतिरकिट	तातिरकिटतकतिरकिट	ऽऽऽताकेना	धातिरकिटतकतिरकिट	धातिरकिटधागेना	धिनधीनागेना
0		3		4	

पलटा 3

धाऽऽधागेना	ऽऽऽधागेना	ऽऽऽधागेना	धातिरकिटतकतिरकिट	धातिरकिटधागेना	तिनतीनाकेना
×		0		2	
ताऽऽताकेना	ऽऽऽताकेना	ऽऽऽताकेना	धातिरकिटतकतिरकिट	धातिरकिटधागेना	धिनधीनागेना
0		3		4	

तिहाई

धातिरकिटधागेना	धाऽऽधागेना	ऽऽऽधागेना	धा1	2धातिरकिट	धागेनाधाऽऽ
×		0		2	
धागेनाऽऽऽ	धागेनाधा	1 2	धातिरकिटधागेना	धाऽऽधागेना	ऽऽऽधागेना
0		3		4	

कायदा–3 दिल्ली घराना

धातिरकिटधि	नगधिना	गेनाधागे	धिनागेना	धागेनागे	तिनाकेना
×		0		2	
तातिरकिटति	नकतिना	केनाताके	तिनाकेना	धागेनागे	धिनागेना
0		3		4	

पल्टा–1

धातिरकिटधि	नगधिना	धातिरकिटधि	नगधिना	धातिरकिटधि	नगधिना
×		0		2	
धातिरकिटधि	नगधिना	गेनाधागे	धिनागेना	धागेनागे	तिनाकेना
0		3		4	
तातिरकिटति	नकतिना	तातिरकिटति	नकतिना	तातिरकिटति	नकतिना
×		0		2	
धातिरकिटधि	नगधिना	गेनाधागे	धिनागेना	धागेनागे	धिनागेना
0		3		4	

पल्टा–2

धातिरकिटधि	नगधातिर	किटधिनग	धातिरकिटधि	नगधातिर	किटधिनग
×		0		2	
धातिरकिटधि	नगधिना	गेनाधागे	धिनागेना	धागेनागे	तिनाकेना
0		3		4	
तातिरकिटति	नकतातिर	किटतिनक	तातिरकिटति	नकतातिर	किटतिनक
×		0		2	
धातिरकिटधि	नगधिना	गेनाधागे	धिनागेना	धागेनागे	धिनागेना
0		3		4	

पल्टा–3

धिनाधातिर	किटधिनग	धिनाधातिर	किटधिनग	धातिरकिटधि	नगधिना
×		0		2	
धातिरकिटधि	नगधिना	गेनाधागे	धिनागेना	धागेनागे	तिनाकेना
0		3		4	
तिनातातिर	किटतिनक	तिनातातिर	किटतिनक	तातिरकिटति	नकतिना
×		0		2	
धातिरकिटधि	नगधिना	गेनाधागे	धिनागेना	धागेनागे	धिनागेना
0		3		4	

तिहाई

धातिरकिटधि	नगधिना	गेनाधागे	धिनागेना	धाऽ	तिऽ
×		0		2	
धाऽ	1	2	धातिरकिटधि	नगधिना	गेनाधागे
		3		4	
धिनागेना	धाऽ	तिऽ	धाऽ	1	2
×		0		2	

धातिरकिटधि	नगधिना	गेनाधागे	धिनागेना	धाऽ	तिऽ
0		3		4	

2.3.3 गत

2.3.3 गत

गत 1

धाऽन	धिकिट	तकिट	धिकिट	धातिरकिट	धितिट	
×		0		2		
कताग	दिकिन	दिंऽदी	ऽदीऽ	नगन	गनग	
0		3		4		
तकिट	तकिट	धाऽक	धातिट	धाऽन	धाऽन	
×		0		2		
धा	धाऽन	धाऽन	धा	धाऽन	धाऽन	धिं
0		3		4		×

गत 2–लखनऊ घराना

धिनगिन	धिनगिन	तकतक	धिनगिन	तकधिन	गिनतक	
×		0		2		
धिनगिन	धिनगिन	तकिटधा	ऽऽताऽ	धाऽऽघे	तगधिन	
0		3		4		
नतिघेघे	नकधिन	धागेतिट	तिनाकेना	तकिट	तधिना	
×		0		2		
तिरकिटतक	तधिना	तिरकिटतक	तिरकिटतक	तिरकिटतक	तधिना	
0		**3**		**4**		
ऽघे	ऽनत	धाऽ	ऽ ऽ	ऽ ऽ	ऽघे	
×		0		2		
ऽनत	धाऽ	ऽ ऽ	ऽ ऽ	ऽघे	ऽनत	धिं
0		3		4		×

2.3.4 टुकड़ेः–

टुकड़ा 1 (मिश्र जाति–द्रुत लय)

धागेनधागेतिट	ताकेनताकेतिट	कधेऽतिऽटऽ	कऽतगदिगन	तगेऽनधित्ता	धाऽकधाऽधाऽ
×		0		2	

धाधा	धाऽ	ऽधा	धाधा	ऽऽ	धाधा	धिं
0		3		4		×

टुकड़ा 2

धातिरकिटतक	तिरकिटधा	धातिरकिटतक	तिरकिटधा	धातिरकिटतक	तिरकिटधा	
×		0		2		
तिट	कत	गदि	गन	तिटकत	गदिगन	
0		3		4		
धातिरकिटतक	तिरकिटधाति	धाऽ	ऽऽ	ऽऽ	धातिरकिटतक	
तिरकिटधाति	धाऽ	ऽऽ	ऽऽ	धातिरकिटतक	तिरकिटधाति	धिं
						×

2.3.5 परनः–

परन 1

धिटधिट	धागेतिट	कऽधातिट	धागेतिट	कऽधातिट	कऽधातिट
×		0		2	
कऽधातिट	धागेतिट	गदीगिन	नागेतिट	धागेतिट	ताकेतिट
0		3		4	
कतिटत	किनताके	तिटकता	गदीगिन	धागेतिट	ताकेतिट
×		0		2	
धागेतिट	ताकेतिट	धित्तगे	ऽनधित्त	तगेऽन	धित्तधिन
0		3		4	
धा	तिरकिट	धित्ततगे	ऽनधित्त	तगेऽन	धित्तधित्त
×		0		2	
धा	तिरकिट	धित्ततगे	ऽनधित्त	तगेऽन	धित्तधित्त
0		3		4	

धिं
×

परन 2

धागेतिटताकेतिट	धागेतिटताकेतिट	कधातिटधागेतिट	कधातिटधागेतिट	कधातिटकधातिट	कधातिटधागेतिट	
×		0		2		
कधातिटकधातिट	कधातिटधागेतिट	कधेधतिटधा	धतिटधीतिटकत	धतिटधीतिटकत	धाऽऽकत	
0		3		4		
धाकतधाकत	धाऽकधेध	तिटधाधतिटधी	तिटकतधतिटधीतिट	तिटकतधाऽ	ऽकतधाकत	
×		0		2		
धाकतधाऽ	कधेधतिटधा	धतिटधीतिटकत	धतिटधीतिटकत	धाऽऽकत	धाकतधाकत	धिं
0		3		4		×

2.3.6 चक्करदारः–

चक्करदार 1– सादा

दींदीं	तिटतिट	धागेतिट	ताकेतिट	कऽधातिट	कता
×		0		2	
घेतिरकिटतक	तातिरकिटतक	ताकडाऽन	धाऽतातिर	किटतकता	कडाऽनधाऽ
0		3		4	
तातिरकिटतक	ताकडाऽन	धा	1	2	× 3(तीन बार)
×		0		2	

उपर दिया गया बोल तीन बार बजाया जाएगा एवं तीसरे चक्कर के बोल का तिहाई का धा सम पर आएगा। अन्तिम चक्कर में तिहाई के बाद दो मात्रा का विश्राम नहीं दिया जाएगा।

चक्करदार 2– फरमाइशी

धागेतिट	धागेतिट	ताकेतिट	ताकेतिट	कऽधातिट	ताकेतिट
×		0		2	
गदीगिन	नागेतिट	कतिटत	किनताके	तिटकता	गदीगिन
0		3		4	
धा	तिटकता	गदीगिन	धा	तिटकता	गदीगिन
×		0		2	
धा	1	2	× 3		
0		3			

उपर दिया गया बोल तीन बार बजाकर सम पर आएगा जिसमें तिहाई का पहला धा पहली बार सम पर, दूसरे चक्कर का तिहाई का दूसरा धा दूसरी बार सम पर एवं अन्तिम चक्कर का तिहाई का अन्तिम धा सम पर आकर चक्करदार (फरमाइशी) पूर्ण होगी।

चक्करदार 3– कमाली

धातिरकिटतक	तिरकिटधा	धातिरकिटतक	तिरकिटधा	धातिरकिटतक	तिरकिटधा
×		0		2	
तिट	कत	गदि	गन	धातिरकिटतक	तिरकिटधाति
0		3		4	
धा	धा	धा	ऽ	धातिरकिटतक	तिरकिटधाति
×		0		2	
धा	धा	धा	ऽ	धातिरकिटतक	तिरकिटधाति
0		3		4	
धा	धा	धा	ऽ	ऽ	धातिरकिटतक
×		0		2	

तिरकिटधा	धातिरकिटतक	तिरकिटधा	धातिरकिटतक	तिरकिटधा	तिट
0		**3**		**4**	
कत	गदि	गन	धातिरकिटतक	तिरकिटधाति	धा
×		**0**		**2**	
धा	धा	ऽ	धातिरकिटतक	तिरकिटधाति	धा
0		**3**		**4**	
धा	धा	ऽ	धातिरकिटतक	तिरकिटधाति	धा
×		**0**		**2**	
धा	धा	ऽ	ऽ	धातिरकिटतक	तिरकिटधा
0		**3**		**4**	
धातिरकिटतक	तिरकिटधा	धातिरकिटतक	तिरकिटधा	तिट	कत
×		**0**		**2**	
गदि	गन	धातिरकिटतक	तिरकिटधाति	धा	धा
0		**3**		**4**	
धा	ऽ	धातिरकिटतक	तिरकिटधाति	धा	धा
×		**0**		**2**	
धा	ऽ	धातिरकिटतक	तिरकिटधाति	धा	धा
0		**3**		**4**	

धिं
×

अभ्यास प्रश्न

क) लघु उत्तरीय प्रश्न :

1. एकताल में दिया सादा चक्करदार टुकडा किस अन्य ताल में बिना परिवर्तन के बजाया जा सकता है?
2. एकताल में दिया फरमाइशी चक्करदार बिना किसी परिवर्तन के किन–किन तालों में बजाया जा सकता है?

1.4 सारांश

इस इकाई के अध्ययन के उपरान्त आप पाठ्यक्रम की तालों में तबले की रचनाओं को लिपिबद्ध करना सीख गए होंगे एवं इन रचनाओं का आप क्रियात्मक रूप में प्रस्तुत करने में सक्षम होंगे। आप जान चुके होंगे कि किसी रचना को लिपिबद्ध करते समय किन–किन बातों (जैसे ताली, खाली विभाग आदि) का ध्यान रखना आवश्यक है। किसी लिपिबद्ध रचना की पढन्त कैसे की जाती है तथा उसकी मात्राओं के अनुसार उसे किस–किस ताल में बजाया या पढ़ा जा सकता है, ये भी आप जान चुके होंगे। इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप स्वयं किसी ताल की रचना को अन्य ताल में प्रयुक्त करना भी जान गए होंगे, जो आपको सैद्धान्तिक एवं क्रियात्मक दोनों स्वरूपों में सहायक सिद्ध होगा।

2.5 संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. मिश्र, पं0 छोटे लाल, *तबला ग्रन्थ*, कनिष्क पब्लिशर्स, नई दिल्ली।
2. मिश्र, श्री विजय शंकर, *तबला पुराण*, कनिष्क पब्लिशर्स, नई दिल्ली।

2.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

क) लघु उत्तरीय प्रश्न :

1. यह चक्करदार टुकडा 48 मात्रा का है अतः तीनताल में बिना परिर्वतन के बजाया जा सकता है।
2. एकताल का फरमाइशी चक्करदार 60 मात्र का है अतः पंचमसवारी ताल एवं झपताल में बिना परिर्वतन के बजाया जा सकता है।

2.7 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

1. श्रीवास्तव, श्री गिरीश चन्द्र, *ताल परिचय,* संगीत सदन प्रकाशन, इलाहाबाद।
2. श्रीवास्तव, श्री गिरीश चन्द्र, *ताल प्रभाकर प्रश्नोत्तरी,* संगीत सदन प्रकाशन, इलाहाबाद।

2.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1. एकताल में 1 उठान, 1 कायदा 2 पल्टों व तिहाई सहित, 1 गत व 1 परन को लिपिबद्ध कीजिए।

इकाई 3 – विभिन्न गायन शैलियों में तालों का प्रयोग

3.1 प्रस्तावना

3.2 उद्देश्य

3.3 गायन शैलियां

- 3.3.1 ध्रुवपद
- 3.3.2 धमार
- 3.3.3 ख्याल
- 3.3.4 ठुमरी
- 3.3.5 टप्पा
- 3.3.6 दादरा
- 3.3.7 होरी

3.4 सारांश

3.5 शब्दावली

3.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

3.7 संदर्भ ग्रन्थ सूची

3.8 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

3.9 निबन्धात्मक प्रश्न

3.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0 संगीत के पाठ्यक्रम बी0ए0एम0टी0(एन0)–350 की तीसरी इकाई है। इससे पहले की इकाईयों में आपने तीनताल व एकताल मे बजने वाली तबला व पखावज की रचनाओं के बारे में जाना। आप यह भी जान चुके होंगे कि इन रचनाओं को भातखण्डे ताललिपि पद्धति में कैसे लिपिबद्ध किया जाता है।

प्रस्तुत इकाई में आपको मुख्यतः उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत की विभिन्न गायन शैलियों जैसे ध्रुवपद, धमार, ख्याल, ठुमरी, टप्पा, दादरा व होरी आदि के साथ तालों के प्रयोग के विषय में बताया जाएगा। प्रत्येक गायन शैली के साथ कुछ विशेष तालों का प्रयोग ही क्यों किया जाता है, उसका वर्णन भी इस इकाई में किया गया है।

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप विभिन्न गायन शैलियों जैसे ध्रुवपद, धमार, ख्याल, ठुमरी, टप्पा, दादरा व होरी आदि के साथ तालों के प्रयोग के विषय में समझ पाऐंगे। साथ ही इन तालों का प्रयोग सही रूप में कर सकेंगे।

3.2 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई के अध्ययन के बाद आप जान सकेंगे कि :–

- भारतीय शास्त्रीय संगीत में कौन–कौन सी गायन शैलियां प्रचलित थी और हैं।
- इन गायन शैलियों के साथ किन–किन तालों का प्रयोग किया जाता है।

3.3 गायन शैलियां

गायन शैलियां – शास्त्रकारों ने संगीत को दो भागों में विभाजित किया है – 1. मार्गी संगीत 2. देशी संगीत। मोक्ष प्राप्ति के लिए गन्धर्व लोग जिस संगीत का प्रयोग करते थे उसे मार्गी संगीत कहते हैं। अब यह प्रयोग में नहीं है। किन्तु देशी संगीत जनता की रूचि पर निर्भर करता है। देशी संगीत का मुख्य उद्देश्य जनता का मनोरंजन करना है। देशी संगीत को गान भी कहते हैं। यह दो प्रकार का हैः–

1. निबद्ध गान 2. अनिबद्ध गान

निबद्ध गान ताल के साथ गाया जाता है तथा बिना ताल के गाया जाने वाला गान अनिबद्ध गान कहलाता है। प्राचीन समय में अनिबद्ध गान के अन्तर्गत रागालाप, आलाप्तिगान, रूपकालाप, स्वस्थान नियम इत्यादि प्रचलित थे। आधुनिक समय में राग गायन से पहले जो आलाप राग प्रदर्शन के लिए किया जाता है वह 'अनिबद्ध गान' का प्रचलित प्रकार है। प्राचीन काल में निबद्ध के अन्तर्गत प्रबन्ध वस्तु, रूपक आदि गीतों के प्रकार प्रचलित थे। आधुनिक समय में निबद्ध गान के अन्तर्गत ध्रुवपद, धमार, ठुमरी, ख्याल इत्यादि प्रचलित हैं।

अतः गायन शैलियों का अर्थ आधुनिक समय में प्रचलित गीतों के प्रकारों से है। प्रत्येक प्रकार के गीतों को गाने का ढंग अलग–अलग है। इस प्रकार हम आधुनिक समय में गाने के ढंग को ही गायन शैली कहते हैं। अब आपको विभिन्न गायन शैलियों – ध्रुवपद, धमार, ख्याल, ठुमरी, टप्पा, दादरा व होरी में प्रयोग की जाने वाली तालों के बारे में बताया जाएगा।

3.3.1 ध्रुवपद – हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की प्राचीनतम गायन शैली 'ध्रुवपद' है। यह गायन शैली मध्यकाल से आज तक प्रचलित है। शाब्दिक दृष्टि से ध्रुवपद(ध्रुव+पद) के दो शब्दों का अर्थ – ध्रुव – स्थिर होना, सदा एक स्थान पर रहना अथवा ज्यों का त्यों बना रहने वाला (अचल या अटल); पद – पैर, पंक्ति, चरण (किसी कविता या श्लोक का अर्थ)। ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर ने ध्रुवपद के प्रचार–प्रसार में बहुत योगदान दिया। इसका प्रचलन मध्य काल में अधिक था। शुरुआत में ध्रुवपद में संस्कृत के श्लोकों को गाकर ऋषि मुनि भगवान की अराधना करते थे। प्राचीन काल में ध्रुवपद गाने वालों को 'कलावन्त' कहा जाता था। अकबर के समय में तानसेन और उनके गुरू स्वामी हरिदास, डागुर, नायक बैजू और गोपाल आदि प्रख्यात गायक ध्रुवपद ही गाते थे। किन्तु आधुनिक काल में इसका स्थान ख्याल ने ले लिया है। ध्रुवपद की निम्न चार वाणियां मानी गई हैं :–

- शुद्ध वाणी/गोबरहार वाणी
- खंडहार वाणी
- डागुर वाणी
- नौहार वाणी

ध्रुवपद गम्भीर प्रकृति का गीत है। इसे गाने पर कंठ और फेफड़ों पर बल पड़ता है। इसलिए इसे मर्दाना गीत भी कहते हैं। अधिकांश ध्रुवपद के चार भाग होते हैं – स्थाई, अन्तरा, संचारी व आभोग। प्राचीन ध्रुवपदों के चारों भागों के 3–3 या 4–4 चरण होते थे। अब ज्यादातर ध्रुवपदों में दो ही भाग होते हैं – स्थाई व अन्तरा। इसके शब्द अधिकतर ब्रज भाषा के होते हैं। इसमें वीर, शांत और श्रृंगार रस की प्रधानता होती है।

तालों का प्रयोग – ध्रुवपद के साथ संगत के लिए अवनद्ध वाद्य के रूप में पखावज वाद्य का प्रयोग किया जाता है। उत्तर भारतीय संगीत में यह पखावज व दक्षिण भारतीय संगीत में यह मृदंग कहलाता है। आजकल ध्रुवपद के साथ खुले अंग के साथ तबला वाद्य की संगति भी सुनने को मिलती है।

पखावज ध्रुवपद गायन को लयबद्ध आधार प्रदान करता है। साथ ही गायक के साथ विभिन्न प्रकार की लयकारियों के साथ उसी रूप में पखावज के बोलों व रचनाओं के माध्यम से संगत प्रदान करता है, जिससे ध्रुवपद अत्यन्त प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत हो पाता है।

ध्रुवपद पखावज की तालों जैसे चारताल, सूलताल, तीव्रा, ब्रह्मताल आदि में गाया जाता है। यह तालें तबला वाद्य पर खुले अंग से बजाई जाती हैं। विद्वानों ने कुछ तालों के तबला वाद्य पर बजने वाले ठेके भी निर्मित किए हैं। ध्रुवपद के साथ प्रयोग की जाने वाली प्रचलित तालों का विवरण निम्नवत हैः–

चौताला/चारताल – चारताल पखावज पर बजाई जाने वाली बारह मात्रा की प्रचलित ताल है। पखावज की यह प्रारम्भिक ताल है एवं तीनताल की भांति ही पखावज वादन की शिक्षा भी मुख्यतः चारताल से ही आरम्भ की जाती है। विद्वानों का मत है कि ध्रुपद गायन शैली के साथ प्रयोग की जाने वाली यह प्रथम ताल थी इस कारण इसको ध्रुपद ताल भी कहा जाता है। इस ताल का प्रयोग विलम्बित एवं मध्य लय में किया जाता है। ख्याल गायन शैली में जो स्थान एकताल का है वही स्थान चारताल का ध्रुपद शैली में है एवं ध्रुपद शैली के गायक एवं वादक अपनी आरम्भिक रचना प्रायः चारताल में गाते व बजाते हैं।

बारह मात्रा को छः विभाग में विभक्त किया गया है एवं प्रत्येक विभाग दो–दो मात्रा का है। एकताल की भांति ही पांचवी, नौवी एवं ग्यारवी मात्रा पर ताली है, तीसरी एवं सातवी मात्रा पर खाली एवं पहली मात्रा सम की है। चारताल की संरचना निम्न प्रकार से है :–

मात्रा – बारह, विभाग – छः (2+2+2+2+2+2), ताली – 1, 5, 9 व 11 पर, खाली – 3 व 7 पर

ठेका

धा	धा	दिं	ता	किट	धा	दिं	ता	तिट	कत	गदी	गिन
×		0		2		0		3		4	

पखावज वादक द्वारा चारताल में एकल वादन भी प्रस्तुत किया जाता है एवं एकल वादन हेतु चारताल सबसे प्रचलित ताल है।

सूलताल – इसे सूलफाक अथवा सूलफाक्ता के नाम से भी जाना जाता है। पं0 विजयशंकर मिश्र ने अपनी पुस्तक तबला पुराण में लिखा है – " मोहम्मद करम इमाम ने सूलताल को अमीर खुसरो द्वारा रचित 17 तालों में से एक माना है, आचार्य बृहस्पति ने अदन उल मूसीकी नामक पुस्तक के आधार पर इस ताल का नाम उसूले–फाख्ता दिया है, जो बाद में बिगड़कर सूलफाख्ता हो गया। उसूल का अर्थ सिद्धान्त होता है, और फाख्ता पंडुक (गुलगुचया) नामक चिड़िया को कहते हैं। लोंगो का मत है कि इस चिड़िया की बोली के आधार पर इस ताल की रचना हुई है। फाख्ता की बोली कुछ इस प्रकार होती है – कू ऽ ऽ ऽ कू ऽ कू ऽ ऽ ऽ "

यह पखावज पर बजाई जाने वाली प्रमुख तालों में से एक है। मुख्यतः इसका वादन मध्य व द्रुत लय में होता है। गायन में ध्रुपद शैली की मध्य लय की रचनाओं व वादन में वीणा के साथ संगति में इसका प्रयोग होता है। पखावज में इस ताल में एकल वादन भी प्रस्तुत किया जाता है।

यह चतस्त्र जाति की सम पदीय ताल है। इसकी मात्राओं की संख्या 10 है, जो पाँच विभागों में बँटी है। इसके प्रत्येक विभाग में दो–दो मात्राएं हैं। एक, पांच एवं सातवीं मात्रा पर ताली एवं तीसरी तथा नौवी मात्रा पर ताली है।

मात्रा – 10, विभाग – 5, ताली – 1, 5 व 7 पर, खाली – 3 व 9 पर

ठेका

धा	धा	दिं	ता	किट	धा	तिट	कता	गदि	गन	धा
×		0		2		3		0		×

तीव्रा ताल – इसे तीव्रा या तेवरा नाम से भी जाना जाता है। कुछ विद्वान इसे गीतांगी भी कहते हैं। वैसे तो यह पखावज के महत्वपूर्ण तालों में से एक है किन्तु इसे तबले पर भी बजाया जाता है। तीवरा ताल की संरचना रूपक ताल की भांति है। यह दक्षिण भारतीय संगीत की मिश्र जाति के त्रिपुट ताल के समान है। पखावज पर एकल वादन में तथा गायन में इसका प्रयोग ध्रुपद शैली की मध्य एवं द्रुत लय की रचनाओं के साथ किया जाता है। इसमें परन, टुक्ड़े,, तिहाईयाँ आदि रचनाएं बजाई जाती हैं। तबले पर इसका प्रयोग ध्रुपद अंग की गायकी के साथ खुले अंग के रूप में किया जाता है। इसे विलम्बित लय में प्रयोग करने का प्रचलन नहीं हैं।

यह एक विषमपदीय ताल है। इसमें 7 मात्राएं होती हैं जो 3/2/2 – कुल 3 विभागों में बँटी होती हैं। पहले विभाग में तीन तथा दूसरे व तीसरे में दो–दो मात्राएं होती हैं। इसकी पहली, चौथी व छठी मात्रा पर ताली होती है। इसमें खाली नही होती है।

मात्रा – 7, विभाग – 3, ताली – 1, 4 व 6 पर

ठेका

धा	दीं	ता	तिट	कत	गदि	गन	धा
×			2		3		×

ब्रह्म ताल – यह पखावज के प्राचीन, प्रसिद्ध एवं अप्रचलित तालों में से एक है। यह चतस्त्र जाति का समपद ताल है। इसका हर विभाग 2–2 मात्राओं का है। यह ताल ध्रुपद अंग के गायन व वादन के

साथ संगत तथा पखावज पर स्वतंत्र वादन के योग्य है। इस ताल की ताली, खाली, विभाग व मात्रा पर कोई विवाद नही है किन्तु विवाद इसके बोलों के विषय में है।

मात्रा–28, विभाग–14, ताली – 1, 5, 7, 11, 13, 15, 19, 21, 23 व 25 पर खाली – 3, 9, 17 व 27 पर

ठेका – 1

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
धा	S	ता	S	धा	S	दीं	S	ता	S	कि	ट	धा	S
×		0		2		3		0		4		5	
15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27	28
दीं	S	ता	S	धा	S	ते	टे	क	त	ग	दि	ग	न
6		0		7		8		9		10		0	

ठेका – 2

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
धा	S	कि	ट	त	क	धु	म	कि	ट	त	क	ग	दि
×		0		2		3		0		4		5	
15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27	28
ग	न	धे	S	ता	S	ति	ट	क	त	ग	दि	ग	न
6		0		7		8		9		10		0	

गजझम्पा ताल – यह पखावज पर बनने वाली पन्द्रह मात्रा की ताल है। इसमें ध्रुपद शैली में गायन एवं वादन प्रस्तुत किया जाता है। इसमें कुल चार विभाग हैं– पहला, दूसरा व चौथा विभाग चार–चार मात्रा के है एवं तीसरा विभाग तीन मात्रा का है। पहली मात्रा पर सम, पांचवी एवं बारहवीं मात्रा पर ताली एवं नौवीं मात्रा पर खाली है। इसके अनुसार ताल संरचना एवं स्वरूप निम्न प्रकार से है :–

मात्रा – 15, विभाग–4 (4+4+3+4), ताली– 1, 5 व 12 पर, खाली – 9 पर

ठेका

धा	दीं	नकं	तक	धा	दीं	नक	तक	दीं	नक	तक	तिट	कत	गदी	गिन	धा
×				2				0			3				×

बसंत ताल – नौ मात्रा की बसन्त ताल पखावज पर बजाई जाने वाली ताल है। यह ताल ध्रुवपद शैली की गायन एवं वादन की रचनाओं के साथ प्रयोग की जाती है। इस नौ मात्रा की ताल में नौ विभाग होते हैं एवं प्रत्येक विभाग एक–एक मात्रा का है। विभाग मात्रा का समूह होता है अतः एक मात्रा का विभाग होना तर्क संगत नही लगता है। इसमें पहली मात्रा पर सम दूसरी, तीसरी, चौथी मात्रा पर ताली, पांचवी मात्रा पर खाली, छः पर ताली, सात पर खाली, आठ पर ताली एवं नौ पर खाली है। इसकी संरचना निम्न प्रकार हैः–

मात्रा – 9, विभाग–9, ताली– 1, 2, 3, 4, 6 व 8 पर, खाली – 5, 7 व 9 पर

ठेका

धा।	धेत्त	। धेत्त	। थुं	। थुं	। तिट	। कता	। गदी	। गिन	। धा
×	2	3	4	0	5	0	6	0	×

पखाावज वादकों द्वारा इस ताल में एकल वादन प्रस्तुत किया जाता है। तबला वादकों द्वारा भी एकल वादन नौ मात्रा में प्रस्तुत किया जाता है जिसके लिए तबला वादकों द्वारा तबले पर बजाने के लिए ठेका

बनाया जाता है। वाद्यों पर नौ मात्रा की रचनाएं बजाई जाती है जिसमें रचना के अनुसार ही तबला वादक द्वारा ठेके की रचना की जाती है। उदाहरण स्वरूप कुछ तबले के ठेके निम्न प्रकार से है :–

1. धिं ना तिरकिट तू ना कता धिन कधा तिरकिट
2. धिं तिरकिट धिं ना तू ना कता धिंकतऽ ऽकधि ताऽकऽ
3. धिं ना धिं धिं ना तिं धिंधिं नाधिं धिनां

3.3.2 धमार – धमार ताल में गाया जाने वाला गीत 'धमार' कहलाता है। इस गीत में अधिकतर होली सम्बन्धी शब्द होते हैं, अर्थात राधा–कृष्ण और कृष्ण–गोपियों की फाल्गुन मास की लीलाओं का वर्णन इन गीतों में होता है। होली का पयार्यवाची धमार है। धमार को ध्रुवपद अंग की शैली स्वीकार किया जाता है। इसको ध्रुवपद के समान, लयकारी प्रधान शैली में गाया जाता है किन्तु इसमें कभी–कभी बोल तानों का भी प्रयोग अनेक लयों के साथ होता है, जो ध्रुवपद में नहीं होता। प्रायः देखा जाता है कि धमार में ख्याल के समान तानें नहीं ली जाती हैं। इसकी गायन शैली ध्रुवपद के समान होने के कारण, ध्रुवपद गायक ही अधिकतर इसे गाते हैं। अन्तर केवल यह है कि ध्रुवपद, धमार से कुछ अधिक गम्भीर गायन शैली है। ध्रुवपद की तरह इस गीत की भाषा में भी ब्रज, हिन्दी व उर्दू भाषा के बोल होते हैं। इस गायन शैली में ध्रुवपद की तरह ही लयकारियों का चमत्कार सुनने को मिलता है। इस गीत में स्थायी और अन्तरा, दो भाग होते हैं। इस गायन शैली में अधिकतर *श्रृंगार–रस* की प्रधानता होती है।

तालों का प्रयोग – धमार गायन शैली के साथ केवल धमार ताल का ही प्रयोग किया जाता है। धमार ताल का विविरण निम्नवत हैः–

धमार ताल – पखावज वाद्य पर बजने वाली चौदह मात्रा की यह प्रचलित ताल है। धमार ताल में ध्रुपद गायन शैली की श्रृंगारिक रचनाएं जिन्हें धमार कहा जाता है, गाई जाती हैं। इसका प्रयोग विलम्बित लय में ही किया जाता है। गायन की रचनाओं के अतिरिक्त रूद्रवीणा एवं सुरबहार आदि पर भी धमार ताल की रचनाए प्रस्तुत की जाती है। प्रसिद्ध सितार वादक पं0 निखिल बनर्जी ने धमार ताल में भी रचना प्रस्तुत की जिसमें तबला की संगत की गई, परन्तु यह पारम्परिक मान्यता के आधार पर नहीं है। चारताल की भांति ही धमार ताल में भी विस्तृत एकल वादन प्रस्तुत किया जाता है। इसके विभागों में मात्राओ का विभाजन भी ताल की संरचना के सामान्य नियमों के अनुसार नहीं है जिसमें संगीतज्ञों के बीच विवाद भी है।

धमार ताल को चार विभाग में विभक्त किया गया है जिसमें पहला विभाग पांच मात्रा का, दूसरा विभाग दो मात्रा का, तीसरा विभाग तीन मात्रा एवं चौथा विभाग चार मात्रा का है। यद्यपि सम मात्राओं की तालों में ताल की संरचना के नियमानुसार ताल के मध्य मे ंखाली होती है एवं खाली से पहले एवं बाद के विभागों का स्वरूप समान होता है। परन्तु धमार ताल इस नियम का अपवाद है धमार ताल का स्वरूप निम्न प्रकार से है।

मात्रा – चौदह, विभाग– चार (5+2+3+4), ताली – 1, 6 व 11 पर, खाली – 8 पर

										ठेका															
क	धि	ट	धि	ट	|	धा	ऽ	|	ग	ति	ट	|	ति	ट	ता	ऽ	|	क
×						2			0					3						×

3.3.3 ख्याल – गायन शैली एवं गीत रचना की दृष्टि से ख्याल गायन का अपना विशिष्ट स्थान है। इसमें गीत मात्र दो या तीन पंक्तियों का होता है परन्तु इसमें विशेष बात यह है कि गायक अपनी कल्पना एवं सृजनशीलता से उसे विभिन्न स्वर समूहों द्वारा बहुत समय तक सजाता रहता है तथा गीत का नवनवीन सौन्दर्य निरन्तर बना रहता है। प्रत्येक कलाकार अपनी प्रतिभा के आधार पर एक ही राग एवं गीत रचना के अलग–अलग रूप दिखाता है।

ख्याल गायन में निर्धारित गीत रचनाओं के दो चरण होते हैं–**1.** स्थाई **2.** अन्तरा। ख्याल दो प्रकार के होते हैं – **1.** विलम्बित ख्याल **2.** द्रुत ख्याल। जिन ख्याल को विलम्बित लय अथवा धीमी लय में बाँधा व गाया जाता है वह *विलम्बित ख्याल/ बड़ा ख्याल* कहलाते हैं। मध्य लय एवं द्रुत लय में जो ख्याल बाँधें व गाए जाते हैं उन्हें *द्रुत/ छोटा* ख्याल कहते हैं। ख्याल गायन में शब्दों का महत्व उतना अधिक नहीं है जितना कि स्वरों के सौन्दर्य का है। यह स्वर प्रधान गायकी है। ख्याल गायन में प्रारम्भ में राग के मुख्य स्वर समुदायों को आलाप द्वारा प्रकट किया जाता है। तत्पश्चात ख्याल की बंदिश प्रस्तुत की जाती है। बंदिश में स्वर समुदायों एवं बोलों पर आधारित 'आलाप' कर ख्याल को आगे विस्तारित किया जाता है। अंत में द्रुत गति से सरगम एवं बोलों को लेकर 'तान' गाई जाती है। 'तान' ख्याल गायन में विशेष आकर्षण एवं चमत्कार पैदा करती है। गायक, राग के अनुकूल विभिन्न स्वर अंलकारों, गमक, खटका, बोल आलाप, बोलतान, मींड, सरगम आदि से ख्याल गायन को सजीव एवं सप्राण बना देता है।

तालों का प्रयोग – विलम्बित ख्याल की लय धीमी होती है। यह अधिकतर एकताल, झूमरा ताल, तिलवाड़ा आदि में गाया जाता है। मध्यलय के ख्याल की लय विलम्बित से तेज रहती है। इसे अधिकतर एकताल, झपताल, आड़ाचौताल, तीनताल आदि में गाया जाता है। द्रुत ख्याल की गति द्रुत रहती है। इसमें अधिकतर तीनताल का प्रयोग होता है। वर्तमान में छोटे ख्याल में एकताल व अन्य तालें भी अधिक प्रयोग होने लगी है।

एकताल – एकताल में 12 मात्राएँ होती हैं। इसकी 12 मात्राएँ 6 विभागों में बटी रहती हैं। प्रत्येक विभाग 2 मात्रा का होता है। सम प्रथम स्थान, 'धिं' पर होता है। खाली के स्थान दो हैं तथा ताली के स्थान 4 हैं।

ख्याल गायन में 'विलम्बित ख्याल' के अन्तर्गत यह सबसे प्रमुख ताल है। प्रत्येक राग में अनेक बड़े ख्याल एकताल में निबद्ध होते हैं। वर्तमान में अनेक द्रुत ख्याल भी एकताल में निबद्ध हैं। कुछ वर्षों पूर्व एकताल अधिकतर 'विलम्बित ख्याल' में ही प्रयुक्त की जाती थी। एकताल का चक्र घूमता हुआ होता है, जिस प्रकार 'दादरा ताल' का ठेका घूमता हुआ होता है, क्योंकि यह 6 मात्रा की होती है। इसी प्रकार एकताल में ठीक उससे दुगुनी 12 मात्राएँ होती हैं और यह भी घूमती लय में बजती है। ख्याल गायन के क्षेत्र में यह ताल विशेष रूप से प्रयोग की जाती है। विलम्बित ख्याल में यह ताल बहुत धीमी लय में बजती है परन्तु **धागे तिरकिट** जैसे बड़े बोलों के कारण इसके भराव में आसानी हो जाती है। धीमी लय में मात्राओं को भरने के लिए यह बोल सहायता प्रदान करते हैं। ग्वालियर, आगरा, रामपुर एवं दिल्ली घराने के गायक अधिकतर इस ताल में बड़ा ख्याल गाते हैं परन्तु किराना घराने के गायक एकताल में बड़ा ख्याल गाते समय इसकी लय अतिविलम्बित कर देते हैं।

मात्रा – 12, विभाग – 6, ताली – 1, 5, 9 व 11 पर तथा खाली – 3 व 7 पर

ठेका

धिं	धिं	धागे	तिरकिट	तू	ना	कत्त	ता	धागे	तिरकिट	धी	ना	धिं
X		0		2		0		3		4		X

तिलवाडा ताल – यह 16 मात्रा की ताल है। इसका प्रयोग केवल ख्याल गायन की विलम्बित रचना बड़े ख्याल के लिए किया जाता है। एकल वादन में इसका प्रयोग नही किया जाता है।

मात्रा – 16 (सोलह), विभाग – 4 (4+4+4+4),
ताली– 1(सम), 5 एवं 13वीं मात्रा पर एवं खाली–9 मात्रा पर

ठेका

धा	तिरकिट	धिं	धिं	।	धा	धा	तिं	तिं	।	ता	तिरकिट	धिं	धिं	।	धा	धा	धिं	धिं	।	धा
×						2				0					3					×

आडाचारताल – आडाचारताल चौदह मात्रा की तबले पर बजने वाली ताल है जिसका प्रयोग विलम्बित एवं मध्य लय में किया जाता है। एकताल की भांति अति विलम्बित लय में इसका प्रयोग नही होता है। इसमें गायन एवं वाद्यो पर मुख्य रूप से मध्यलय की रचना ही गाई व बजाई जाती है । चारताल पखावज पर बजाने वाली बारह मात्रा की ताल है परन्तु आडाचारताल का पखावज पर बजने वाली ताल से कोई सम्बन्ध नही है यद्यपि नाम से सम्बन्ध का भ्रम होता है। इसमें एकल वादन भी तबला वादकों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। इसका स्वरूप मध्य लय में ही स्थापित होता है। द्रुत एवं अति द्रुत लय में प्रायः इस ताल का प्रयोग नही किया जाता है। चौदह मात्रा की ही तबले पर बजने वाली झूमरा ताल, दीपचन्दी ताल, एवं कैद फरोदस्त ताल है जिनका स्वरूप एवं ताल संरचना आडाचारताल एवं एक दूसरे से भिन्न है एवं इन तालों का संगीत में प्रयोग भी भिन्न रूप में होता है। यही समान मात्रा की तबले पर बजने वाली भिन्न तालों का औचित्य भी है। झूमरा ताल का प्रयोग विलम्बित स्थान की रचना के लिए ही किया जाता है एवं इसका प्रयोग मध्य एवं द्रुत लय हेतु नही किया जाता है। दीपचन्दी ताल मध्यलय में भी प्रयोग की जाती है जो बृज की होली एवं चैती गायन के साथ बजाई जाती है। दीपचन्दी ताल को चॉचंर भी कहा जाता है। कैद फरोदस्त ताल मध्य लय में गायन एवं वादन की रचनाओं हेतु प्रयोग की जाती है।

आडाचार ताल की संरचना निम्न प्रकार है :–

मात्रा – चौदह, विभाग – सात (2+2+2+2+2+2+2) प्रत्येक विभाग दो मात्रा का है। पहली मात्रा पर सम चार, सात,एवं ग्यारह पर ताली पांच आठ एवं तेरह मात्रा पर खाली है।

ठेका

धिं	तिरकिट	धिं	ना	तू	ना	क	ता	तिरकिट	धि	ना	धि	धि	ना	धिं
×		2		0		3		0		4		0		×

झूमरा ताल – झूमरा ताल की संरचना दीपचन्दी की भांति ही है केवल ताल के ठेके के बोल में परिवर्तन होने से इसकी चाल मे अन्तर होता है। इसका प्रयोग भी संगीत में दीपचन्दी से भिन्न है।

मात्रा – 14, विभाग – 4 (3+4+3+4), ताली–1, 4 व 11 मात्रा पर एवं खाली–8 मात्रा पर

ठेका

धिं	ऽधा	तिरकिट	धिं	धिं	धागे	तिरकिट	तिं	ऽता	तिरकिट	धिं	धिं	धागे	तिरकिट	धिं
×			2				0			3				×

झपताल – यह चार विभाग में विभक्त 10 मात्रा की विषम पदीय ताल है जिसका प्रथम एवं तृतीय विभाग दो–दो मात्रा एवं दूसरा एवं चौथा विभाग तीन–तीन मात्रा का है। पहली, तीसरी एवं आठवीं मात्रा पर ताली एवं छठी मात्रा पर खाली है। प्रथम विभाग में चतुस्त्र का खण्ड दो मात्रा एवं द्वितीय विभाग तिस्त्र जाति का है जो मिलकर खण्ड जाति है। विभागों में समान मात्राऐं ना होने के कारण यह विषम

ताल है। इसका प्रयोग मध्य लय की रचनाओं के साथ किया जाता हैं। एकल वादन में भी झपताल का खूब प्रयोग किया जाता है।

मात्रा – 10, विभाग – 4, ताली – 1, 3 व 8 पर, खाली – 6 पर

ठेका

धि	ना	धि	धि	ना	ति	ना	धि	धि	ना	धि
×		2			0		3			×

रूपक ताल – यह तीन विभाग में विभक्त सात मात्रा की विषम पदीय ताल है। यह उत्तर भारतीय ताल पद्धति की ऐसी ताल है जिसकी पहली मात्रा पर सम के स्थान पर खाली दिखाई जाती है, जो कि एक अपवाद है क्योंकि सम एवं ताली पहली मात्रा पर ही माना जाता है। इस ताल का प्रयोग शास्त्रीय संगीत की रचनाओं एवं सुगम संगीत भजन, गीत एवं गज़ल में किया जाता है। रूपक ताल में एकल वादन भी किया जाता है। इसका प्रयोग मध्य लय में ही करना अधिक उचित है।

मात्रा – 7, विभाग – 3, ताली – 4 व 6 पर, खाली – 1 पर

ठेका

ती	ती	ना	धी	ना	धी	ना	ती
0			2		3		0

ख्याल के साथ प्रयुक्त होने वाली कुछ अन्य तालों का विवरण इस इकाई में दिया गया है।

3.3.4 ठुमरी – ठुमरी शब्द में 'ठुम' और 'री' दो अंश हैं। ठुम ठमके का घोतक है और 'री' अंतरंग सखी से अपने अंतर मन की बात कहने का। यह गीत का वह प्रकार है जिसमें राग की शुद्धता की तुलना में भाव सौन्दर्य को अधिक महत्व दिया जाता है। इसकी प्रकृति ख्याल की तुलना में अधिक चपल होती है। ठुमरी गायकी को लखनऊ के अन्तिम नवाब वाजिद अली शाह के दरबार में पनाह मिली। स्वयं नवाब 'अख्तर पिया' उपनाम से ठुमरी गीत की रचना किया करते थे। इन्हें ही ठुमरी का आविष्कारक माना जाता है।

यह श्रृंगार रस प्रधान गीत है और इसमें मींड़–कण का विशेष प्रयोग होता है। ठुमरी में शब्द कम होते हैं। शब्दों के भावों को अनेक स्वर–समूहों द्वारा व्यक्त किया जाता है। ठुमरी देश, तिलककामोद, भैरवी, पीलू, निलंग, झिंझोटी आदि रागों में गायी जाती है। ठुमरी में सुन्दरता बढाने के लिए विभिन्न रागों की छाया दिखाते हैं। बनारस, लखनऊ और पंजाब की ठुमरी विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं।

तालों का प्रयोग – ठुमरी के साथ पंजाबी, तीनताल, कहरवा, दीपचन्दी अथवा जतताल बजायी जाती हैं। पहले मूल ताल में गाई जाती है। स्थाई व अन्तरा में काम करने के बाद जब पुनः गीत की स्थाई में आते हैं तो कहरवा ताल बजाई जाती है। गायक और तबला वादक दोनों विभिन्न प्रकार के सुन्दर बोल बनाते हैं और कुछ देर के बाद पुनः पूर्व ठेके में आ जाते हैं।

तीनताल – यह ताल संगीत में सबसे अधिक प्रयोग होने वाली ताल है। तबले में रचनाओं का निर्माण इसी ताल में हुआ। शास्त्रीय गायन, स्वर वाद्य की रचनाओं, नृत्य में तीनताल सबसे अधिक प्रयोग की गई। यह ताल बिलम्बित, मध्य एवं द्रुत तीनों लयों में सुन्दरता से प्रयोग की जाती है। तबले का एकल

वादन कलाकारों द्वारा मुख्य रूप से तीनताल में ही किया जाता है। तंत्र वाद्यो हेतु मसीत खां द्वारा रचित मसीतखानी गत एव रजा खां द्वारा मध्यलय हेतु रचित रजाखानी गत तीनताल में निबद्ध की गई थी। झाला केवल तीनताल में ही बजाया जाता है। चूंकि झाले की लय हेतु केवल तीनताल ही उपयुक्त है एवं इसी प्रकार तराना भी द्रुत लय में तीनताल में ही अधिकतर गाया जाता है। गायन में मध्य एवं द्रुतलय की रचनाएं सबसे अधिक तीनताल में उपलब्ध है अतः तीनताल का महत्व संगीत में सर्वोपरि है। अन्य तालों में तीनताल का स्थान सबसे उपर है। तीनताल का स्वरूप निम्न प्रकार है :–

मात्रा – 16 (सोलह), विभाग – 4 (4+4+4+4),
ताली– 1(सम), 5 एवं 13वीं मात्रा पर एवं खाली–9 मात्रा पर

ठेका

धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा	धा
×				2				0				3				×

पहली मात्रा पर ताल का सम होता है अतः सम पर सबसे अधिक वजन रहता है। पांचवी एवं तेरहवी मात्रा पर वजन बराबर होता है एवं ताल का सबसे कम वजन नवीं मात्रा पर रहता है जो खाली की मात्रा है।

तीनताल की संरचना के समान ही सोलह मात्रा की जततताल, तिलवाडा एवं पंजाबी प्रचलित तालें है, परन्तु इनके ठेके के बोल में परिवर्तन से इनके भिन्न प्रयोग होते है।

पंजाबी ताल

मात्रा – 16 (सोलह), विभाग – 4 (4+4+4+4),
ताली– 1(सम), 5 एवं 13वीं मात्रा पर एवं खाली–9 मात्रा पर

ठेका

धा	ऽधिं	ऽक	धां	धा	ऽधिं	ऽक	धा	धा	ऽति	ऽक	ता	ता	ऽधिं	ऽक	धा	धा
×				2				0				3				×

जत ताल

मात्रा – 16, विभाग – 4, ताली – 1, 5 व 13 पर, खाली – 9 पर

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	ऽ	धिं	ऽ	धा	धा	तिं	ऽ	ता	ऽ	तिं	ऽ	धा	धा	धिं	ऽ
×				2				0				3			

दीपचन्दी ताल – यह 14 मात्रा की अर्द्धसमपदीय ताल है। दीपचन्दी ताल विलम्बित के साथ मध्यलय में भी प्रयोग की जाती है। यह बृज की होली एवं चैती गायन के साथ बजाई जाती है। दीपचन्दी ताल को चॉचंर भी कहा जाता है। इसके चार विभाग होते हैं। पहला एवं तीसरा विभाग तीन–तीन मात्रा एवं दूसरा व चौथा विभाग चार–चार मात्रा का होता है। पहली मात्रा पर सम, चार एवं ग्यारह मात्रा पर ताली एवं आठवी मात्रा पर खाली है। इसकी संरचना निम्नवत हैः–

मात्रा – 14, विभाग – 4 (3+4+3+4), ताली–1, 4 व 11 मात्रा पर एवं खाली–8 मात्रा पर

ठेका

धा	धिं	ऽ	धां	धा	तिं	ऽ	तां	तिं	ऽ	धा	धा	धिं	ऽ	धा
×			2				0			3				×

कहरवा ताल – कहरवा ताल में 8 मात्राएँ होती हैं। मात्राएँ 2 विभागों में बटी रहती हैं। प्रत्येक विभाग 4–4 मात्राओं का होता है। सम प्रथम मात्रा में 'धा' पर है। इस ताल में खाली का स्थान 1 हैं तथा ताली का स्थान भी 1 हैं।

कहरवा ताल चंचल प्रकृति का ताल है। इसका प्रयोग तबले, ढ़ोलक, नाल तथा खोल आदि वाद्यों पर किया जाता है। भाव संगीत, लोक संगीत तथा फिल्मी संगीत के साथ संगति के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। इसमें लग्गी, लड़ी तथा ठेके की किस्मों का प्रयोग होता है। कहरवा ताल सोलो वादन के उपयुक्त नहीं है।

मात्रा – 8, विभाग – 2(4+4), ताली – 1 पर तथा खाली – 5 पर

ठेका

धा	गे	ना	ती	ना	क	धी	ना	धा
X				0				X

3.3.5 टप्पा – टप्पा गायन का प्रचार सर्वप्रथम गुलाम नवी शोरी ने किया था। इसलिए इन्हें टप्पा का आविष्कारक मानते हैं। टप्पा गायन शैली अन्य गायन शैलियों से बिल्कुल भिन्न होती है। इसमें गीत के शब्द बहुत कम होते हैं तथा स्थाई व अन्तरा ऐसे दो भाग होते हैं। इस गीत की रचना अधिकतर पंजाबी भाषा में होती है। टप्पा गायन की प्रकृति चंचल होती है और इसमें श्रृंगार रस प्रधान होता है। यह अधिकतर भैरवी, खमाज, झिंझोटी, पीलू आदि रागों में गायी जाती है।

ख्याल की तरह इसमें खटके, मुर्की, मींड आदि का सुन्दर रूप देखने को मिलता है। परन्तु इसकी तानें ख्याल की तरह न होकर चपल तथा पेंचदार होती हैं। बहुत अभ्यास के बाद ही इस गायकी को अपनाया जा सकता है। इस गायकी का प्रचार पंजाब में अधिक है।

तालों का प्रयोग – टप्पा गायन शैली में विशेष प्रकार की ताल का प्रयोग होता है जिसे टप्पा ताल कहते हैं। यह ताल तीनताल के समान 16 मात्रा की ताल है। इसमें तीनताल की भांति 4 विभाग होते हैं तथा साथ ही सम, ताली व खाली भी समान होती है। टप्पा ताल व तीनताल में केवल बोलों का अन्तर है, जो समान मात्रा की विभिन्न तालों के औचित्य को स्पष्ट करता है। विभिन्न गायन शैलियों के साथ संगत के लिए संबंधित गायन शैली के अनुरूप ही ताल में बोलों का चयन किया जाता है, जिसका उदाहरण टपपा ताल है।

टप्पा ताल

मात्रा– 16, विभाग– 4, ताली – 1, 5 व 13 पर, खाली – 9 पर

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	
धा	धिं	ऽता	धिं	धा	धिं	ऽता	धिं	ता	कत	ऽक	ऽत	ता	धिं	ऽता	धिं	धा
×				2				0				3				×

3.3.6 दादरा – दादरा गीत श्रृंगार रस प्रधान गीत है। इसकी प्रकृति प्रायः ठुमरी के समान होती है। अतः दादरा गायन शैली को अधिकतर ठुमरी अंग के रागों में गाया जाता है। दादरा, ठुमरी की अपेक्षा हल्की होती है। प्रायः ठुमरी गाने वाले गायक–गायिकाएं 'दादरा' गाते हैं। इसमें जन–मन–रंजन करने की पर्याप्त शक्ति होती है।

'दादरा' पूर्व उत्तर प्रदेश की विशेष गायन शैली है। यहॉ के गायक 'दादरा' गायन में दक्ष होते हैं। दादरा की भाषा पूर्वी हिन्दी की किसी न किसी बोली के अनुरूप होती है। जब कोठे पर गायन होता था उस समय बाइयां जो कोठे पर गाती थी वहॉ पर दादरा गायन का प्रचार–प्रसार अधिक हुआ। अब इस गायन शैली को प्रतिष्ठित गायक भी गाते हैं। इसमें भी अन्य गायन शैलियों के समान स्थाई व अन्तरा दो भाग होते हैं।

तालों का प्रयोग – दादरा गायन शैली दादरा ताल में गायी जाती है। दादरा ताल में 6 मात्राएँ होती हैं। मात्राएँ 2 विभागों में बटी रहती हैं। प्रत्येक विभाग 3–3 मात्राओं का होता है। सम प्रथम मात्रा में 'धा' पर है। इस ताल में खाली का स्थान 1 है तथा ताली का स्थान भी 1 है।

दादरा ताल चंचल प्रकृति का ताल है। इसका प्रयोग तबले, ढ़ोलक, नाल तथा खोल आदि वाद्यों पर किया जाता है। भाव संगीत, लोक संगीत, भजनों तथा फिल्मी संगीत के साथ संगति के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। इसमें लग्गी, लड़ी तथा ठेके की किस्मों का प्रयोग होता है। दादरा ताल सोलो वादन के उपयुक्त नहीं है।

दादरा ताल

मात्रा – 6, विभाग – 2, ताली – 1 पर, खाली – 4 पर

1	2	3	4	5	6	1
धा	धी	ना	धा	ती	ना	धा
×			0			×

3.3.7 होरी – संगीत तथा ललित कलाएं मनुष्य की भावनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। भारतीय समाज प्राचीन काल से उत्सवप्रिय रहा है। भारतीय संस्कृति में श्रृंगार और आनन्द, महोत्सव के रूप में बसन्त एवं होली क्रीड़ा का हमेशा से महत्व रहा है। प्राचीन ग्रन्थों में इसे मदनोत्सव या मदन महोत्सव भी कहा गया है। ऋतुराज के आगमन पर उसके मोहक वातावरण में स्वंय को सम्मलित करते हुए अपनी उमंगों को व्यक्त करने का त्योहार है होली। यह मूलतः ब्रज शैली का गायन है।

ख्याल गायक जब होली सम्बन्धी गीतों को विभिन्न तालों में गाते हैं तब यह गीत होली/होरी कहलाता हैं। कहने का अर्थ हैं कि राधा–कृष्ण और कृष्ण–गोपियों की फाल्गुन मास की लीलाओं के वर्णन को हम 'धमार ताल' में गाते हैं तब धमार कहलाता है तथा जब ख्याल गायक उसे त्रिताल, दीपचन्दी, कहरवा आदि तालों में गाते हैं, तब उसे होली/होरी कहते हैं।

धमार तथा होली में बहुत अन्तर है। इन दोनों की गायन शैलियॉ अलग–अलग हैं। होली में तान, आलाप, खटके, मुर्की आदि का प्रयोग ख्याल गायन की तरह होता है। इन गीतों को हम मौसमी गीत भी कह सकते हैं। होरी को अधिकतर फाल्गुन में तथा होली के अवसर पर ही गाया जाता है।

तालों का प्रयोग – होली/होरी तीनताल, दीपचन्दी, कहरवा आदि तालों में गाई जाती है। इन तालों का वर्णन इस इकाई में पूर्व में किया गया है।

अभ्यास प्रश्न

अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति :

1. छोटा ख्याल को ..... ख्याल भी कहते हैं।
2. गजझम्पा ताल ..... वाद्य की ताल है।
3. विलम्बित ख्याल मुख्यतः ..... ताल में गाया जाता है।
4. धमार गीत ..... ताल के साथ गाया जाता है।
5. टप्पा गायन शैली में .....ताल प्रयुक्त होती है।

3.4 सारांश

प्रस्तुत इकाई के अध्ययन के बाद आप आधुनिक समय में प्रचलित उत्तर भारतीय संगीत की गायन शैलियों के विषय में जान चुके होंगे। आपने जाना कि गायन की सभी विधाओं को गाने का अपना ढंग है। जिसे ही गायन शैली कहा जाता है। आप यह भी जान चुके होंगे कि गाने के ढंग अथवा शैली से ही एक गीत दूसरे गीत से अलग होता है। इन विधाओं में कुछ समानताएं होते हुए भी गीत के भाव, ताल, तथा प्रकृति के आधार पर एक दूसरे से भिन्न हो जाती है। जैसे ध्रुवपद तथा धमार दोनों के गायन का ढंग समान होते हुए भी गीत के भाव (जैसे ध्रुवपद में वीर रस प्रधान गीत तथा धमार में श्रंगार रस प्रधान), ताल (ध्रुवपद – चारताल, रूद्र, ब्रहा, सूलताल में तथा धमार केवल धमार ताल में) तथा प्रकृति (ध्रुवपद, धमार की अपेक्षा गम्भीर होता है) के आधार पर एक दूसरे से भिन्न होते हैं। ख्याल अपनी विशेषता लिए हुए है। उसी प्रकार ठुमरी, दादरा तथा होली तीनों विधाओं में भाव सौन्दर्य को अधिक महत्व दिया जाता है, किन्तु इनमें भी ताल, गीत के शब्द, भाव से जान सकते हैं कि कौन सी गायन शैली है। टप्पा सभी गायन विधाओं से अलग है, चपल व पेंचदार तानें तथा पंजाबी भाषा का मुख्यतः प्रयोग इस शैली की मुख्य विशेषता है। सभी गायन शैलियों की प्रकृति के अनुरूप ही उसके साथ संगत हेतु तालों का निर्माण हुआ। साथ ही समान मात्राओं की ताल होने के बाद भी गायन शैली की प्रकृति के अनुरूप तालों में बोलों का प्रयोग किया गया। इस इकाई के अध्ययन के बाद आप विभिन्न गायन शैलियों को गाते वक्त इनकी सभी विशेषताओं को ध्यान में रखकर अपने कार्यक्रम को सफल बना सकेंगे।

3.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. द्रुत ख्याल
2. पखावज वाद्य
3. एकताल
4. धमार ताल
5. टप्पा ताल

3.7 संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. श्रीवास्तव, श्री हरीश चन्द्र, राग परिचय भाग 1 व 2, संगीत सदन प्रकाशन, इलाहाबाद।
2. द्विवेदी, डा0 रमाकान्त, संगीत स्वरित।
3. वसन्त, संगीत विशारद, संगीत कार्यालय, हाथरस।
4. भातखण्डे, पं0 विष्णुनारायण, क्रमिक पुस्तक मालिका (भाग 1,2,3,4), संगीत कार्यालय, हाथरस।
5. परांजपे, श्री एस0एस0, संगीत बोध।
6. गोवर्धन, श्रीमती शान्ति, संगीत शास्त्र दर्पण।
7. साभार गूगल।

3.8 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

1. *संगीत* मासिक पत्रिका, संगीत कार्यालय, हाथरस।
2. चौधरी, डा0 सुभाष रानी, *संगीत के प्रमुख शास्त्रीय सिद्धान्त,* कनिष्का पब्लिशर्स, नई दिल्ली।
3. बंसल, डॉ0 परमानन्द, *संगीत सागरिका,* प्रासंगिक पब्लिशर्स, नई दिल्ली।

3.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1. ध्रुवपद व धमार गायन में प्रयुक्त होने वाली तालों के विषय में लिखिए।

इकाई 4 – तीनताल एवं एकताल के ठेके को आड़, कुआड़, बिआड़ लयकारी में लिपिबद्ध करना

4.1 प्रस्तावना

4.2 उद्देश्य

4.3 तीनताल का परिचय एवं आड़, कुआड़ व बिआड़ लयकारियों में लिखना

4.4 एकताल का परिचय एवं आड़, कुआड़ व बिआड़ लयकारियों में लिखना

4.5 सारांश

4.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

4.7 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

4.8 निबन्धात्मक प्रश्न

4.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0 संगीत के पाठ्यक्रम बी0ए0एम0टी0(एन0)–350 की चौथी इकाई है। इससे पहले की इकाईयों के अध्ययन के बाद आप भारतीय संगीत की तालों तीनताल व एकताल मे बजने वाली रचनाओं का ज्ञान प्राप्त कर चुके होंगे। साथ ही आप तबले व पखावज की रचनाओं को ताल में लिपिबद्ध करना भीस सीख चुके होंगे। आप विभिन्न गायन शैलियों के साथ तालों के प्रयोग के विषय में भी जान चुके होंगे।

इस इकाई में पाठ्यक्रम की तालों तीनताल व एकताल के ठेकों एवं उनको विभिन्न लयकारी जैसे आड, कुआड व बिआड में लिपिबद्ध करने के विषय में बताया गया है।

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप पाठ्यक्रम की तालों के ठेकों एवं उनको विभिन्न लयकारी में लिपिबद्ध करने के विषय में जान सकेंगे। इससे आप लयकारी को बोलने एवं बजाने में भी सक्षम होंगे।

4.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात :–

1. आपको लयकारी का ज्ञान होगा ।
2. आप तबले की ताल के ठेकों को विभिन्न लयकारी में लिपिबद्ध करने एवं उसके क्रियात्मक स्वरूप को तबले में प्रस्तुत कर पायेगे।
3. आप लयकारी का प्रयोग अपने वादन (एकल वादन व संगत) में करने में सक्षम होंगे, जिससे आपका वादन प्रभावशाली होगा।

4.3 तीनताल का परिचय एवं आड़, कुआड़ व बिआड़ लयकारियों में लिखना

तीनताल – यह ताल संगीत में सबसे अधिक प्रयोग होने वाली ताल है। तबले में रचनाओं का निर्माण इसी ताल में बहुतायत में देखने को मिलता है। शास्त्रीय गायन, स्वर वाद्य की रचनाओं, नृत्य में तीनताल सबसे अधिक प्रयोग की गई। यह ताल बिलम्बित, मध्य एवं द्रुत तीनों लयों में सुन्दरता से प्रयोग की जाती है। तबले का एकल वादन कलाकारों द्वारा मुख्य रूप से तीनताल में ही किया जाता है। तंत्र वाद्यो हेतु मसीत खां द्वारा रचित मसीतखानी गत एव रजा खां द्वारा मध्यलय हेतु रचित रजाखानी गत तीनताल में निबद्ध की गई थी। झाला अधिकतर तीनताल में ही बजाया जाता है। चूंकि झाले की लय हेतु केवल तीनताल ही उपयुक्त है एवं इसी प्रकार तराना भी द्रुत लय में तीनताल में ही अधिकतर गाया जाता है। गायन में मध्य एवं द्रुतलय की रचनाएं सबसे अधिक तीनताल में उपलब्ध है अतः संगीत में तीनताल का अधिक महत्व माना गया है। तीनताल का स्वरूप निम्न प्रकार है :–

मात्रा – 16 सोलह, विभाग – चार (4+4+4+4),
ताली – 1 (सम), 5 एवं 13 मात्रा पर तथा खाली – 9 मात्रा पर

								ठेका							
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा	धा
×				2				0				3				×

पहली मात्रा पर ताल का सम होता है, अतः सम पर सबसे अधिक वजन रहता है। पांचवी एवं तेरहवी मात्रा पर वजन बराबर होता है एवं ताल का सबसे कम वजन नवीं मात्रा पर रहता है जो खाली की मात्रा है।

तीनताल में लयकारी :–

लयकारी – समय की समान गति को लय कहते हैं। दो मात्राओं की क्रिया के मध्य होने वाला विश्रांति काल ही लय है और जब यह काल प्रयोग होन वाली मात्राओं के बीच समान रहता है तो वह निश्चित लय का स्वपरूप ले लेता है। अतः लय का सम्बन्ध मात्रा एव मात्राओं के बीच के समय से है।

लय समान्य रूप से तीन प्रकार की मानी गई है। विलम्बित, मध्य एवं द्रुत लय। काल के लम्बा होने पर विलम्बित लय स्थापित होती है। इस काल के कम होने पर मध्य लय एवं उससे अधिक कम होने पर द्रुत लय हो जाती है। सामान्य रूप से मध्य लय का विश्रांति समय विलम्बित लय के विश्रांति समय का आधा होता है एवं द्रुत लय का विश्रांति काल मध्य लय के विश्रांति समय का आधा होता है, संगीत में यह मान्यता स्थापित हो चुकी है एवं प्रचलन में है। विलम्बित लय को आधार लय मानने से मध्य लय का प्रयोग विलम्बित लय में दो बार एवं द्रुत लय का प्रयोग चार बार करने की आवश्यकता होगी। अतः मध्य लय विलम्बित लय की दुगुनी, द्रुत लय मध्य लय की दुगुन होती है। लय का यही प्रयोग लयकारी कहलाता है। एक मात्रा में एक से अधिक मात्राओं का आधार लय के साथ प्रयोग लयकारी कहलाता है।

संगीत में विभिन्न लयकारी जैसे दुगुन, तिगुंन, चौगुन, आड, कुआड, एवं बिआड प्रयोग की जाती है।

दुगुन – एक मात्रा में दो मात्रा — 1 2 1 2

तिगुन – एक मात्रा में तीन मात्रा — 1 2 3 123

चौगुन – एक मात्रा में चार मात्रा — 1234 1234

आड – एम मात्रा में डेढ़ मात्रा अथवा दो मात्रा में तीन मात्रा आड लयकारी को ड्योडी लय भी लय कहा जाता हैं एवं इसको 3/2 की लयकारी के रूप में भी व्यक्त करते हैं। — 1 S 2 S 3 S

कुआड– इस लयकारी के विषय में दो मत हैं एक– आड की आड को कुआड कहते हैं अतः 9/4, जिसके अनुसार चार मात्रा में नौ मात्रा अथवा एक मात्रा में $2\frac{1}{4}$ अथवा सवा दो मात्रा का प्रयोग करते है। दो – 5/4 की लयकारी अर्थात चार मात्रा में पांच मात्रा अथवा एक मात्रा में सवा मात्रा। इस दुसरे मत का अधिक प्रचलन है एवं इसको सवागुन की लय भी कहते हैं।

पहले मत के अनुसार :–

1S S S 2S S S 3 S S S 4 SS S 5 S S 6 S S S 7 S S S 8 S S S 9 S S S

1 2 3 4

दूसरे मत के अनुसार–:

1 S S S 2 S S S 3 S S 4 S S S 5 S S S

1 2 3 4

बिआड लय – इस लयकारी के विषय भी दो मत हैं। एक मत के अनुसार कुआड लय की आड बिआड लयकारी होती जिसे $^{9}/_{4} \times {}^{3}/_{2} = \frac{27}{8}$ के रूप में व्यक्त करते हैं एवं दूसरे मत के अनुसार $^{7}/_{4}$की लयकारी बिआड की लयकारी है। इसमें एक मात्रा में पैने दो गुन मात्रा प्रयोग की जाती है जिसे पौने दो गुन की लयकारी भी कहते हैं।

पहले मत के अनुसार –:

1S S S S S S 2 S S S S S S 3 S S S S S S 4 S S

S S S S S 5 S S S S S S 6 S S S S S S 7 S S S S S

S S 8 S S S S S S S 9 S S S S S S S S 10 S S S S S S 11

S S S S S S S 12 S S S S S S S 13 S S S S S S S S 14 S S S

S S S S 15 S S S S S S S 16 S S S S S S S 17 S S S S S

S S 18 S S S S S S S 19 S S S S S S S 20 S S S S S S S 21 S

S S S S S S 22 S S S S S S S 23 S S S S S S S 24 S S S S

S S S 25 S S S S S S S 26 S S S S S S S 27 S S S S S S S

दूसरे मत के अनुसार–:

1 S S S 2 S S S 3 S S S 4 S S S 5 S S S 6 S S S 7 S S S

कुआड एवं बिआड में दूसरा मत ही अधिक प्रचलित एवं व्यवहारिक है अतः लयकारी लिपि वद्ध करने में दूसरे मत का ही प्रयोग करेंगे। आड, कुआड एवं बिआड, लयकारी लिखने के लिए इनकी भिन्न अथवा बटे में दिखाई संख्या से भाग देते हैं। गणित के अनुसार भाग देने में बटे की संख्या उलटी हो कर गुणा में बदल जाती है।

उदाहरण आड को बट्टा संख्या $3/2 = 1\frac{1}{2}$

आडलयकारी की मात्रा संख्या = ताल की मात्रा × 2/3, किस मात्रा से आरम्भ की जानी है, इसके लिए उपर की संख्या को ताल की मात्रा संख्या से घटाते हैं।

ताल की मात्रा संख्या – ताल की भाग संख्या × 2/3 जो लयकारी लिखनी है। उसमें बट्टा के नीचे वाली राशी में से एक घटाकर उतनी संख्या के अवग्रह लगाते हैं।

उदाहरण– आड की लयकारी – $^{3}/_{2} =$ $\xrightarrow{2-1=1}$

कुआड की लयकारी– $^{5}/_{4} =$ $\xrightarrow{4-1=3}$

बिआड की लयकारी – $^{7}/_{4} =$ $\xrightarrow{4-1=3}$

अतः आड की लयकारी को मात्रा के साथ एक अवग्रह, कुआड एवं बिआड की लयकारी में तीन अवग्रह लगाते है। इसके पश्चात बट्टा की उपर वाली राशि में विभाग बना लेते हैं। सरलता के लिए पीछे से विभाग बनाना शुरू करते हैं एवं पहली मात्रा में जितनी मात्रा कम होती हैं, मात्रा से पहले उतने अवग्रह लगा देते हैं, जो कि आप विभिन्न तालों में लयकारी के उदाहरण से समझेंगे।

<u>तीनताल की आड की लयकारी</u> – $^{3}/_{2}$ मात्रा की लयकारी मे दो मात्रा में तीन मात्रा अथवा एक मात्रा डेढ मात्रा प्रयोग की जाती हैं अतः तीनताल के ठेके को तीन बार प्रयोग किया जाऐगा, जो कि तीनताल के ठेके की दो आवृति में आएगा। एक आवृति में तीनताल की आड $16 \times {}^{2}/_{3} = 10\frac{2}{3}$ मात्रा में आएगी एवं $5\frac{1}{3}$ मात्रा के बाद आरम्भ होगी।

6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
1धाऽ	धिंऽधिं	ऽधाऽ	धाऽधि	ऽधिंऽ	धाऽधा	ऽतिंऽ	तिंऽता	ऽताऽ	धिंऽधिं	ऽधाऽ

<u>तीनताल की कुआड की लयकारी</u> – $^{5}/_{4}$ अर्थात एक मात्रा में सवा मात्रा अथवा $1\frac{1}{4}$ मात्रा। इसके लिए तीनताल की प्रत्येक मात्रा को चार मात्रा के बनाऐंगे तथा प्रत्येक मात्रा में तीन अवग्रह लगाकर पॉच मात्रा के भाग को एक मात्रा में रखेंगे। तीनताल की कुआड $16 \times {}^{4}/_{5} = \frac{64}{5} = 12\frac{4}{5}$ मात्रा की होगी एवं तीनताल की $3\frac{1}{5}$ मात्रा के बाद आरम्भ होगी।

4	5	6	7	8	9
1 धाऽऽऽ	धिंऽऽऽधिं	ऽऽऽधाऽ	ऽऽधाऽऽ	ऽधिंऽऽऽ	धिंऽऽऽध

10	11	12	13	14	15	16
ऽऽऽधाऽ	ऽऽतिंऽऽ	ऽतिंऽऽऽ	ताऽऽऽता	ऽऽऽधिंऽ	ऽऽधिंऽऽ	ऽधाऽऽऽ





तीनताल की बिआड की लयकारी – $^{7}/_{4}$ अर्थात् चार मात्रा में सात मात्रा। कुआड की भॉति ही प्रत्येक मात्रा के बाद तीन अवग्रह लगाएगे परन्तु बिआड की लयकारी हेतु सात मात्रा के भागों को एक मात्रा में रखेंगे। तीनताल की बिआड $9\frac{1}{7}$ मात्रा की होगी एवं तीनताल की $6\frac{6}{7}$ मात्रा के बाद आरम्भ होगी ।

7	8	9	10	11
ऽऽऽऽऽऽधा	ऽऽऽधिंऽऽऽ	धिंऽऽऽधाऽऽ	ऽधाऽऽऽधिंऽ	ऽऽधिंऽऽऽधा
		2		
12	13	14	15	16
ऽऽऽधऽऽऽ	तिऽऽऽतिंऽऽ	ऽताऽऽऽताऽ	ऽऽधिंऽऽऽधिं	ऽऽऽधऽऽऽ
	3			

4.4 एकताल का परिचय एवं आड़, कुआड़ व बिआड़ लयकारियों में लिखना

एकताल – एकताल बारह मात्रा की प्रचलित ताल है। यह ताल तबले पर बजाई जाती है। बारह मात्रा की अन्य ताल चारताल है परन्तु यह पखावज पर बजाई जाने वाली एवं इसकी ताल संरचना एकताल की भांति है। इस ताल का प्रयोग विलम्बित मध्य एवं द्रुत लय में किया जाता है। यह ताल मुख्य रूप से गायन की ताल है एवं इसमें गायन की विलम्बित लय की रचना जिसे बड़ा ख्याल कहा जाता है, सबसे अधिक गाया जाता है। ताल के ठेके के बोल में तिरकिट के बोल होने के कारण इसका प्रयोग ख्याल गायन में अति विलम्बित लय में आसानी से किया जा सकता है, चूंकि तिरकिट के माध्यम से एक मात्रा को चार मात्रा में विभक्त किए जाने में कठिनाई नही होती है। तिरकिट बोल को दो मात्रा में विभक्त करने पर सामान्य संगीत की भाषा में चौबीस मात्रा की एकताल एवं चार मात्रा में विभक्त करने पर अडतालिस मात्रा की एकताल कहा जाता है।

दो–दो मात्राओं के छः विभाग इस ताल की संरचना बनाते हैं। पांचवी, नौवी, ग्यारवी मात्रा पर ताली एवं तीसरी व सातवीं मात्रा पर खाली होती है। एकताल ताल का स्वरूप निम्न प्रकार से है :–

मात्रा – 12, विभाग – 6 (2+2+2+2+2+2), ताली – 1, 5, 9 व 11 पर, खाली – 3 व 7 पर

ठेका

धिं धिं	। धागे तिरकिट	। तू ना	। क ता।	धागे तिरकिट	। धिं ना	। धिं
×	0	2	0	3	4	×

इस ताल में वजन कम और अधिक होता रहता है अर्थात सम पर वजन सबसे अधिक फिर तीसरी मात्रा पर वजन कम होता है, फिर पांचवी मात्रा पर वजन बढ़ता है, सातवी मात्रा पर ताल का सबसें कम वजन रहता है एवं फिर से वजन बढ़ना आरम्भ होता है तथा सम से पूर्व ग्यारवीं मात्रा पर वजन बढ़ता है। द्रुत लय में ताल के ठेके के बोल में परिवर्तन कर बजाने में सुविधा रहती है एवं ताल स्वरूप भी स्थापित रहता है जो निम्न प्रकार है :–

धिं	ऽ	धां	ति	तू	ना	क	ऽ	धा	तीं	धिं	ना
×		0		2		0		3		4	

एकताल के बोल तिरकिट के स्थान पर लय के अनुसार तिर अथवा ति बोल का प्रयोग किया जाता है एवं धागे के स्थान पर धा बोल बजाया जाता है। इस प्रकार द्रुत लय एकताल का ठेका बजाने से ताल के स्वरूप में परिवर्तन नही होता है।

एकताल में लयकारी :–

आड की लयकारी – एक ताल के ठेके में धागे में 'धा' व गे की मात्रा का मूल्य आधी–आधी मात्रा का है एवं तिरकिट में 'ति', 'र', 'कि' 'ट' की प्रत्येक की मात्रा का मूल्य $^1/_4$ मात्रा का है। आड की लयकारी में स्वतंत्र मात्रा जैसे धिं, तू, ना, क एवं ता बोले में एक अवग्रह लगाएगें परन्तु धागे के बोल में 'धा' एवं 'गे' बोल कर प्रथक कर देंगे एवं तिरकिट के बोल को 'तिर' व 'किट' को पृथक कर प्रयोग करेंगे, जो एकताल की आड लयकारी से स्पष्ट हो जाएगा।

5	6	7	8	9	10	11	12				
धिऽधि	ऽधागे	तिरकिटतू	ऽनाऽ	कऽता	ऽधागे	तिरकिटधि	ऽनाऽ				
2		0		3		4					

एकताल की आड की लयकारी $12\times\frac{2}{3}=8$ मात्रा में आती है एवं पाचवीं मात्रा से आरम्भ कर सम पर आएगी।

कुआड की लयकारी – $^5/_4$ की लयकारी में एकताल की कुआड की लयकारी $12\times\frac{4}{5}=9\frac{3}{5}$ मात्रा की होगी एवं $2\frac{2}{5}$ मात्रा के बाद आरम्भ होकर सम पर आएगी ।

3	4	5	6	7	8	9	10	11	12		
12धिऽऽ	ऽधिऽऽऽ	धाऽगेऽति	रकिटतूऽ	ऽऽनाऽऽ	ऽकऽऽऽ	ताऽऽऽधा	ऽगेऽतिर	किटधिऽऽ	ऽनाऽऽऽ		
0		2		0		3		4			

$^2/_5$ —— 1 2 | धिं ऽ ऽ ऽ ना —— $^3/_5$

बिआड की लयकारी – एक ताल की बिआड की लयकारी $12\times\frac{4}{7}=\frac{48}{7}=6\frac{6}{7}$ मात्रा की होगी एवं $5\frac{1}{7}$ मात्रा के बाद आरम्भ होकर सम पर आएगी।

6	7	8	9	10	11	12					
ऽधिंऽऽऽधिंऽ	ऽऽधाऽगेऽति	रकिटतूऽऽऽ	नाऽऽऽकऽऽ	ऽताऽऽऽधाऽ	गेऽतिरकिऽधि	ऽऽऽनाऽऽऽ					
	0		3		4						

$^1/_7$ —— 1 | धिं ऽ ऽ ऽ धि ऽ —— $^6/_7$

अभ्यास प्रश्न

क) लघु उत्तरीय प्रश्न :–

1. तीनताल की आड़ लिपिबद्ध कीजिए।
2. एकताल की कुआड़ लिपिबद्ध कीजिए।

4.5 सारांश

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप पाठ्यक्रम की तालों को ठेकों एवं उनको विभिन्न लयकारी जैसे आड, कुआड व बिआड में लिपिबद्ध करने के विषय में जान चुके होंगे। इस इकाई के अध्ययन से आप लयकारी को भली–भांति समझ चुके होंगे। इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप लयकारी का प्रयोग अपने वादन(एकल वादन व संगत) में करने में सक्षम होंगे जिससे आपका वादन प्रभावशाली होगा। इससे आप लयकारी को बोलने एवं बजाने में भी सक्षम होंगे। तबले की तालों के ठेकों को विभिन्न लयकारी में लिपिबद्ध करने एवं उसके क्रियात्मक स्वरूप को तबले में प्रस्तुत कर पायेंगे।

4.6 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

1. वसन्त, *संगीत विशारद*, संगीत कार्यालय, हाथरस।
2. श्रीवास्तव, श्री गिरीश चन्द्र, *ताल परिचय,* संगीत सदन प्रकाशन, इलाहाबाद।
3. श्रीवास्तव, श्री गिरीश चन्द्र, *ताल प्रभाकर प्रश्नोत्तरी,* संगीत सदन प्रकाशन, इलाहाबाद।

4.7 निबन्धात्मक प्रश्न

1. पाठ्यक्रम की किसी एक ताल के ठेकों को आड, कुआड व बिआड़ लयकारी सहित लिपिबद्ध कीजिए।

इकाई 5 – अपनी विधा से सम्बंधित संगीत वाद्य का पूर्ण ज्ञान (संरचना, रख–रखाव, वाद्य मिलाने की विधि, प्रस्तुतीकरण में प्रयोग)।

5.1 प्रस्तावना
5.2 उद्देश्य
5.3 अपनी विधा से संबंधित वाद्य तबला का सामान्य परिचय
5.4 तबले की संरचना
5.5 तबले का रख–रखाव
5.6 वाद्य मिलाने की विधि
5.7 प्रस्तुतीकरण में प्रयोग
5.8 सारांश
5.9 अभ्यास प्रश्न
5.10 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर
5.11 संदर्भ ग्रन्थ सूची
5.12 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री
5.13 निबन्धात्मक प्रश्न

5.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0 संगीत के पाठ्यक्रम बी0ए0एम0टी0(एन0)–350 की पांचवी इकाई है। इस इकाई से पूर्व आप तीनताल एवं एकताल के विभिन्न कायदों, गतों, टुकड़ों, परनों एवं चक्कादार जैसी रचनाओं के विषय में जान चुके होंगे। साथ ही विभिन्न गायन शैलियों के साथ तालों का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है इससे भी परिचित हो चुके होंगे। आप तीनताल एवं एकताल के ठेकों को विभिन्न लयकारियों में भी लिपिबद्ध करना भी सीख गए होंगे।

प्रस्तुत इकाई के माध्यम से आप तबला वाद्य को भली–भांती जान पाएंगे साथ ही इस वाद्य की संरचना, रख–रखाव, वाद्य मिलाने की विधि, प्रस्तुतीकरण में प्रयोग जुडे विभिन्न पहलुओं को विस्तारपूर्वक जानेंगे।

5.2 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई के अध्ययन के उपरान्त आप :–

- बता सकेंगे कि तबले की संरचना किस प्रकार की है।
- तबला वाद्य का रख–रखाव किस प्रकार किया जाता है।
- तबले को मिलाने की विधि क्या होती है।
- बता सकेंगे कि तबले पर प्रस्तुतीकरण किस प्रकार किया जाता है।

5.3 अपनी विधा से संबंधित वाद्य तबला का सामान्य परिचय

तबला एक लोकप्रिय, प्रभावशाली और बहुआयामी भारतीय शास्त्रीय संगीत तालवाद्य है, जो मुख्य रूप से हिंदुस्तानी संगीत परंपरा में प्रयुक्त होता है। इसकी ध्वनि, सौंदर्य, लयात्मकता और अभिव्यक्ति ने इसे शास्त्रीय संगीत के अलावा सूफी, भजन, हल्की–फुल्की संगीत, नृत्य–संगीत और संगत और एकल प्रस्तुतियों में भी लोकप्रिय बनाया है। तबला का युग्म दाया(तबला) और बायां (दुग्गी या डग्गा) है, जिनकी बनावट, स्वर, ध्वनि और भूमिका अलग–अलग हैं। दायां लकड़ी का बना होता है और उस पर काली स्याही (स्याही/गाब) की विशेष परत चढ़ाई जाती है जिससे तीखे, स्पष्ट एवं सुघड़ बोल उत्पन्न होते हैं। बायां गहरे, मृदुल और गुंजायमान स्वर देता है, और इसे अक्सर धातु, पीतल, तांबा,लकड़ी या कभी–कभी मिट्टी से बनाया जाता है।

तबला की ध्वनि बनाने की प्रक्रिया बहुत वैज्ञानिक है। ध्वनि को संतुलित करने के लिए चमड़े की परतें, गुंजायमान केंद्र, पट्टियाँ (बद्दी),गट्टे और छल्ले काम करते हैं। तबला ताल को बनाए रखने के अलावा संगीत में भाव, गति, नाट्य, शक्ति और कोमलता भी दे सकता है। यह पारंपरिक बोल विकसित करता है, जैसे धा, धिन, ता, तिन, गे, क और धिरेधिरे, जो वादन को बौद्धिक और कला दोनों स्तरों पर समृद्ध करता है। तबला वादन की कई प्रमुख शैलियाँ (घराने) भारतीय संगीत में विकसित हुई हैं,जिन्हें दिल्ली, अजराड़ा, लखनऊ, फर्रुखाबाद,बनारस और पंजाब घराने के रूप में जाना जाता है। इनमें प्रत्येक घराने की वादन

तकनीक, बोल, गतियाँ और सौंदर्य भिन्न–भिन्न हैं। सैकड़ों वर्षों की परंपरा, साधना और गुरु–शिष्य परंपरा ने इन घरानों को विकसित किया है।

आज तबला विभिन्न संगीत विधाओं में सम्मानित स्थान रखता है और विश्व भर में सबसे लोकप्रिय वाद्य है। इसका वादन बहुत संवेदनशीलता, निपुणता और अभ्यास की मांग करता है, हालांकि इसकी संरचना सरल है। इस तरह, तबला भारतीय संगीत संस्कृति में एक सशक्त, जीवंत और निरंतर विकसित वाद्य है।

5.4 तबले की संरचना

तबले के मुख्यतः दो भाग होते हैं :

1. दायाँ – जिसे तबला भी कहते हैं।
2. बायाँ – जिसे डग्गा अथवा डुग्गी भी कहते हैं। पंजाब प्रांत में डग्गे/बाएं को धामा भी कहा जाता है। दायाँ/तबला, बाएं/डग्गा से प्रायः छोटा होता है। अब हम आपको दाएं एवं बाएं के विभिन्न अंगों के बारे में विस्तार से बताऐंगे।



काठ/कठरा – तबले के दाएँ भाग के ढाँचे को काठ/कठरा कहते हैं। दाएँ की काठ लकडी की होती है। दाएँ की काठ के लिए आम, खैर, शीशम, चन्दन, बबूल, नीम, कटहल तथा बिजैसाल की लकडी उपयुक्त मानी जाती है। काठ बनाते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि लकड़ी पूरी तरह सूखी हो। काठ/काठरा अंदर से खोखला होता है और यह जितना भारी होता है उतनी ही अच्छी गूँज उत्पन्न होती है। गूँज उत्पन्न करने के लिए लकड़ी के काठ/कठरे को अंदर से मशीन से या फिर हाथ (किसी औजार से) से छीला या एक विशेष आकार दिया जाता है।

पूड़ी – दाएँ एवं बाएँ के मुख पर खाल लगी होती है इसे पूड़ी कहते हैं। इसी पर वादन करके ध्वनि उत्पन्न की जाती है। तबले की पूड़ी बकरे की खाल से बनी होती है। पूड़ी दो खालों से मिलकर बनी होती है जो एक के उपर एक होती हैं तथा किनार पर जुड़ी होती हैं। दाएँ तबले की पूड़ी कुछ पतली होती है, जबकि बाएँ की कुछ मोटी। तबले की पूड़ी अगर रियाज के लिए बने तो मोटी और अगर मंच प्रदर्शन के लिए हो तो अपेक्षाकृत पतली बनायी जाती है।

स्याही – तबले में गूँज उत्पन्न करने के लिए दाएँ में बीच में तथा बाएँ में एक किनारे पर लगाया जाने वाला पदार्थ स्याही कहलाता है। स्याही को तैयार करने में लौह चूर्ण, नीला थोथा और गीले चावल का प्रयोग किया जाता है। उपर्युक्त तीनों को मिलाकर लेई तैयार की जाती है फिर उसे दाएँ एवं बाएँ पर आवश्यकतानुसार लगाया जाता है। इसके बाद स्याही को एक चिकने पत्थर की सहायता से खूब घोटा जाता है। स्याही अधिक लगाने से तबला (दायाँ) नीचे के स्वर में बोलता है तथा स्याही कम लगाने से तबला उँचे स्वर पर बोलता है। स्याही पर ही तबले के शब्द जैसे तिरकिट, तेटे की निकासी सम्भव है।

किनार या चाँटी – तबले की पूड़ी के चारों ओर किनारे–किनारे, एक चमडे की पट्टी होती है, जिसे चाँटी कहते हैं। यह लगभग आधी इंच चौडी होती है। इसे किनार कहने का विशेष कारण इसका किनारे होना है। दिल्ली बाज को किनार का बाज कहा जाता है। इसका कारण यह है कि दिल्ली घराने में किनार के बोलों जैसे धा, ता, ना आदि का वादन होता है।

जमीन, लव या मैदान – जमीन, लव या मैदान, तबले में पूड़ी का वह भाग है जो स्याही और चाँटी के बीच स्थित होता है। इस भाग से तीं, धीं वर्णों की निकासी सम्भव है।

गजरा एवं घर – दाएँ एवं बाएँ भाग के मुख पर पूड़ी के चारों ओर चमड़े की एक माला गुथी सी होती है, जिसे गजरा कहते हैं। इसी गजरे के चारों ओर बराबर दूरी पर छिद्र होते हैं जिनमें से होकर ही बद्दियाँ गुजरती हैं। इस कारण गजरा 16 भागों में बँट जाता है। गजरे के यह 16 भाग, 16 घर कहलाते हैं। इन्हीं 16 घर की सहायता से (प्रहार कर) तबले को मिलाने में मदद मिलती है।

बद्दी – दाएँ पर चमडे की डोरी जो गजरे से हो कर गुजरती है उसे बद्दी कहते हैं। बाएँ में यह चमड़े या धागों (सूत) से बनी होती है। तबले के दाएँ एवं बाएँ दोनों भागों पर यह गजरे से होकर नीचे आती है और इंडरी में से होकर पुनः ऊपर की ओर चली जाती है। तबले के काठ के चारों ओर बद्दी का एक जाल बन जाता है। बद्दी से कसने पर तबला उँचे स्वर पर बोलता है तथा ढीला करने पर नीचे स्वर में। बाएँ पर भी यही सब होता है।

गट्टे – लकडी के टुकडे जो बद्दियों के सहारे टिके रहते हैं उन्हें गट्टे कहते हैं। इन्हीं गट्टों की मदद से तबले के स्वर को ऊँचा या नीचा किया जा सकता है। इसका मतलब यह है कि इनसे तबला मिलाने में सहायता मिलती है। मुख्यतः एक स्वर या एक से अधिक स्वर ऊपर या नीचे करने के लिए इन पर प्रहार किया जाता है। तबले को अगर ऊँचे स्वर पर बोलना है तो ऊपर से नीचे की ओर खिसकाते हैं और अगर नीचे स्वर पर बोलना है तो नीचे से ऊपर की ओर। बाएँ पर गट्टों की जगह लोहे आदि के छल्ले (अगर रस्सी हो तो) लगे होते हैं।

इंडरी – तबले को पृथ्वी पर स्थिर रखने के लिए तबले को जिसके ऊपर रखा जाता है उसे इंडरी (अड्डा/रिंग) कहते हैं। यह वृत्ताकार होता है। यह चमड़े की बद्धियों का बना होता है। कुछ लोग किसी धातु को एक वृत्त का रूप देकर उसके चारों ओर कपड़े लपेट देते हैं तथा आकर्षक दिखने के लिए अन्त में एक आकर्षक कपड़े को उसके चारों ओर सिल दिया जाता है। वादन के समय यह तबले को स्थिरता प्रदान करता है।

कूडी – जिस तरह दाएँ के ढाँचे को काठ/कठरा कहते हैं उसी तरह बाएँ (डग्गा) के ढाँचे को कूडी कहते हैं। पहले के अवनद्ध वाद्यों की तरह ये भी मिट्टी और लकड़ी के बनाए जाते थे। किन्तु मिट्टी के होने के कारण रख–रखाव में दिक्कत होने से ये अब यह प्रायः लोहे, अल्यूमीनियम, पीतल या ताँबे से बनते हैं।

5.5 तबले का रख–रखाव

तबला भारतीय संगीत परंपरा में एक बहुत महत्वपूर्ण तालवाद्य है। इसकी ध्वनि, स्वर, गति और लयात्मकता न केवल संगीत को जीवंत बनाती हैं, बल्कि वादक की संवेदनशीलता और प्रतिभा को भी व्यक्त करती हैं। निर्माण और वादन से किसी भी वाद्य की गुणवत्ता निर्भर करती है, परंतु उचित देखभाल और रख–रखाव भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जबकि उपेक्षित वाद्य अपना स्वर, गुंजन और गुणवत्ता खो देता है, तो

एक अच्छी तरह से संरक्षित तबला लंबे समय तक स्थिर, मधुर और प्रभावशाली ध्वनि बनाता है। इसलिए, तबला वाद्य की देखभाल का ज्ञान "तबला वादन का आधार" है।

तबले का दायां भाग (तबला) और बायां भाग (डग्गा) एक युग्म वाद्य हैं। इसकी संरचना लकड़ी, धातु, चमड़ा, बद्दी,गट्टे, छल्ले और स्याही पर आधारित है; इनमें से प्रत्येक भाग ध्वनि निर्माण में अलग–अलग योगदान देता है। चमड़ा स्वर की लचक और ऊँचाई–नीचाई को बताता है, जबकि स्याही ध्वनि का केंद्र बनाकर नाद को स्पष्ट करती है। जबकि बद्दीयाँ स्वर–तनाव को नियंत्रित करती हैं, लकड़ी या धातु का ढांचा गुंजन और ध्वनि की गहराई को बदलता है। यदि इन सभी घटकों को नियमित रूप से नहीं देखा जाता है तो चमड़ा सूखकर फट सकता है, धातु पर जंग लग सकती है और बद्दीयाँ कमजोर या ढीली हो सकती हैं। इसलिए, तबले का रख–रखाव केवल बाहरी सफाई नहीं, बल्कि वाद्य संरक्षण और बेहतर प्रस्तुतीकरण का एक अनिवार्य हिस्सा है।

दैनिक रख–रखाव

तबले की दीर्घायु और ध्वनिगुणवत्ता दोनों के लिए दैनिक रख–रखाव बहुत महत्वपूर्ण है। इस वाद्य की सबसे बड़ी शत्रु धूल है, इसलिए हर दिन वादन से पूर्व दायां और बायां हाथ मुलायम, सूखे कपड़े से धोना चाहिए और स्याही पर अधिक दबाव से नहीं रगड़ना चाहिए। तबले को वादन के बाद हमेशा कवर या हार्ड–केस में रखना चाहिए क्योंकि धूल की परत चमड़े को कठोर बनाती है और स्वर की मधुरता को कम करती है। वादन के समय तैलीय या पसीने वाले हाथों की त्वचा या गीले हाथों से स्याही की संरचना खराब हो सकती है। तबला एक तापमान–संवेदी वाद्य है, इसलिए तापमान भी महत्वपूर्ण इसे सीधी धूप से दूर रखना चाहिए, अन्यथा चमड़ा ढीला हो सकता है और स्वर बिगड़ सकता है। तबले के लिए सबसे अच्छा कमरे का तापमान लगभग 20–30 डिग्री सेल्सियस है।

साप्ताहिक रख–रखाव

